वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 94, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 28 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## यूपी में खामोशी और शांति: धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों पर लगाम

### उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन: 4,258 हटे तो 28,186 की आवाज हुई कम

**नोएडा:** उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिए पूरे प्रदेश में पुलिस और प्रशासन ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने से शुरू कर दिए हैं या उनकी ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुसार कम करनी शुरू कर दी है। इस बीच बुधवार दोपहर तक पूरे प्रदेश में धार्मिक स्थलों से 4,258 लाउड स्पीकर हटाए जा चुके हैं जबकि 28,186 लाउडस्पीकरों की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुरूप कम करा दी गई है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, आगरा जोन में धार्मिक स्थलों से 30 लाउडस्पीकर हटाए गए जबकि 905 स्पीकरों की ध्वनि कम कराई गई। मेरठ जोन में 1,215 लाउडस्पीकरों को उतारा गया जबकि 5,976 लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई गई।



बरेली जोन में चार लाउडस्पीकरों को उतारा गया जबकि 5,469 लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई जा चुकी है। सूचना के अनुसार, लखनऊ जोन में 912 लाउडस्पीकरों को उतारा जा चुका है जबकि 6,400 लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई गई है। लखनऊ कमिश्नरेट में 190 लाउडस्पीकरों को उतारा जा चुका है जबकि 1,235 लाउडस्पीकरों की ध्वनि कम कराई गई है। बता दें कि हाल ही में ध्वनि प्रदूषण के मामले में उच्च न्यायालय द्वारा धार्मिक स्थलों से तेज आवाज के लाउडस्पीकर हटाने और छोटे लाउडस्पीकर से परिसर के अंदर ही आवाज सीमित रखने के आदेश दिए थे। जिसके चलते मंगलवार शाम को सीओ ने कोतवाली में धर्म गुरुओं के साथ बैठक की।



## पेट्रोल-डीजल: वैट पर शुरू हुई सियासत

### कोरोना पर पीएम मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की, कुछ राज्यों में कोरोना के केस बढ़ते रहे हैं, लेकिन कोरोना की चुनौती टली नहीं: पीएम, पीएम ने बैठक में पेट्रोल-डीजल पर राज्यों से उनके हिस्से का टैक्स घटाने की अपील की

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के केस बढ़ रहे हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसमें महामारी ओर यूक्रेन-रूस जंग के कारण देश की आर्थिक स्थिति पर हुए असर को लेकर भी चर्चा हुई। पीएम ने राज्यों से उनके हिस्से का टैक्स घटाने की अपील की है, ताकि जनता पर महंगाई का बोझ कम किया जा सके। पीएम मोदी की इस अपील के बाद राज्य सरकारों के बयान सामने आ रहे हैं।

**बढ़ते कोरोना केस पर जताई चिंता:** पीएम ने कहा कि मैं सभी कोरोना वॉरियर्स की प्रशंसा करता हूं, जिस तरह उन्होंने अब तक अपना काम किया है। कुछ राज्यों में कोरोना के केस बढ़ते रहे हैं, लेकिन कोरोना की चुनौती टली नहीं है। इसकी गंभीर हालत हो सकती है। ये यूरोप में देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में कई देशों में केस सामने आए हैं। हमने हालात को नियंत्रण में रखा है। पिछले दो हफ्तों में केस बढ़ने से यह समझ आया है कि हमें अलर्ट रहना है। हमारे पास कुछ महीने पहले जो लहर आई, उससे हमने बहुत कुछ सीखा। सभी ओमिक्रॉन से सफलता से निपटे, मुकाबला किया। दो साल के भीतर देश ने हेल्थ इंफ्रस्ट्रक्चर से लेकर ऑक्सीजन तक पर काम किया। कोरोना की चौथी लहर की आशंकाओं के बीच प्रधानमंत्री मोदी की मुख्यमंत्रियों के साथ यह पहली बैठक है। माना जा रहा था कि मीटिंग के दौरान देशभर में कोरोना की बूस्टर डोज को फ्री किए जाने का प्रस्ताव जारी किया जा सकता है, लेकिन ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ।

**वैक्सीनेशन ने तीसरी लहर से बचाया:** तीसरी लहर में हालात नहीं बिगड़े। इससे वैक्सीनेशन को मदद मिली। हर राज्य में वैक्सीन जन जन तक पहुंची। हर भारतीय के लिए गौरव की बात है आज कि 96 प्रतिशत आबादी को पहली डोज, 15 साल से ऊपर 85 प्रतिशत को दूसरी डोज लग चुकी है। आप समझते हैं कि वैक्सीन ही सबसे बड़ा कवच है। देश में लंबे समय बाद स्कूल खुले हैं ऐसे में केस बढ़ने से चिंता बढ़ रही है। मार्च में हमने 12 से 14 के लिए, कल 6 से 12 के लिए कोवैक्सिन की परमिशन मिल गई है।





### पीएम ने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों का अंतर गिनाया

पीएम ने इस दौरान पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोधी राज्य सरकारों पर निशाना भी साधा। उन्होंने कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतों का अंतर गिनाया। उन्होंने कहा- मुंबई में 120 रुपए लीटर पेट्रोल है, जबकि पड़ोस के ही केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव में यह 102 रुपए है। इसी तरह तमिलनाडु में 111 रुपए तो जयपुर में 118 रुपए लीटर है।

**टैक्स कम करें राज्य सरकारें: पीएम मोदी**

**पीएम** ने कहा कि आज भारत की अर्थ व्यवस्थाओं में केंद्र और राज्य सरकारों के सामंजस्य पहले से ज्यादा आवश्यक है। युद्ध के माहौल में दिनों-दिन चुनौतियां लेकर आया है। ऐसे संकट के समय में केंद्र और राज्यों के बीच में तालमेल को बढ़ाना और अनिवार्य हो गया है। जैसे पेट्रोल-डीजल की कीमतों का विषय सबके सामने है। देशवासियों पर इनकी बढ़ती कीमतों का बोझ कम करने के लिए राज्यों से आग्रह किया था कि वे अपने यहां टैक्स कम करें, इसके बाद कुछ राज्यों ने तो टैक्स कम कर दिया, लेकिन कुछ राज्यों ने अपने नागरिकों को इसका लाभ नहीं दिया, इसलिए इन राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें दूसरे राज्यों के मुकाबले ज्यादा हैं। देश में पिछले एक हफ्ते से लगातार दो हजार से ज्यादा नए मरीज सामने आ रहे हैं। सबसे ज्यादा चिंता राजधानी दिल्ली को लेकर है, जहां रोज 1 हजार से ज्यादा केस मिल रहे हैं। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोविड के 1,204 नए मामले सामने आए। वहीं, 863 रिकवरी और 1 मौत भी दर्ज की गई। दिल्ली में एक्टिव केस 4,508 रिकॉर्ड किए गए। वहीं, पूरे देश में मंगलवार को 2,506 नए मामले सामने आए। जबकि, 1,910 लोग रिकवर हुए, कुल 6 मौतें रिकॉर्ड की गईं।

## कैबिनेट: जम्मू-कश्मीर में हाइड्रो प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

### दिसंबर 2024 तक मिलेगी पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि, खरीफ की फसलों के लिए सब्सिडी रेट पर मिलेंगे फर्टिलाइजर




**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक में किए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने जम्मू कश्मीर में हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने के प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगा दी है। जम्मू-कश्मीर में 540 मेगावॉट का कवार हाइड्रो प्रोजेक्ट चिनाब नदी पर बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर 23,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मुहैया होगा। इसके अलावा भी बुधवार की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक को 820 करोड़ रुपये का वित्तीय समर्थन देने का फैसला किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को अब दिसंबर 2024 तक बढ़ाया जाएगा। बता दें कि सरकार इसके तहत स्ट्रीट वेंडर्स को सात फीसदी की सब्सिडी पर लोन मुहैया कराती है।

## सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार मस्जिदों में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करें: उलेमा

**नई दिल्ली:** मस्जिदों में लाउडस्पीकर से अजान दिए जाने का मामला दिन-प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। हिंदुत्ववादी संगठनों की तरफ से अजान के समय मस्जिदों के बाहर लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने के ऐलान के बाद से यह मामला और भी पेचीदा हो गया है। इस दौरान मुस्लिम संगठनों की तरफ से देशभर में मस्जिदों की सुरक्षा को लेकर के चिंता व्यक्त की जा रही है।

## मोदी-शाह के बाद नड्डा से मिलेंगे सीएम शिवराज

### आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बुलाई गई, मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी दिल्ली में डाला डेरा



**भोपाल/नई दिल्ली:** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर गुरुवार को नई दिल्ली आएंगे। सीएम चौहान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मध्यप्रदेश भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक में भी शिरकत करेंगे। इधर, मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी दिल्ली पहुंच गए हैं। बुधवार को उन्होंने भाजपा कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है।

**शाह भी गए थे मध्यप्रदेश:** विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह बैठक आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में बुलाई गई है। इसमें संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा होगी। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश का दौरा करके लौटे हैं। शाह अपने दौरे के दौरान संकेत दे चुके हैं कि समान नागरिक संहिता को जल्द लागू किया जाएगा। सूत्र ने आगे बताया कि राज्य में शिवराज सिंह चौहान मंत्रिमंडल में वर्तमान में चार पद रिक्त हैं। इसके चलते कोर कमेटी की बैठक में मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार पर भी चर्चा संभावित है। इस बैठक में मंत्रियों के परफॉर्मेंस पर भी चर्चा होगी और उसके बाद कई मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं।

## करौली हिंसा पीड़ितों को मिलेंगे 1 करोड़ 41 लाख

**करौली:** करौली शहर में दो अप्रैल को नवसंवत्सर शोभायात्रा पर पथराव के बाद आगजनी और तोड़फोड़ की गई। दंगे के मुख्य आरोपी अब तक फरार हैं। पुलिस ने अब दंगे के चार आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की अदालती कार्यवाही शुरू कर दी है। रिपोर्टस के अनुसार जयपुर ग्रेटर नगर निगम के मेयर सौम्या गुर्जर के पति राजाराम गुर्जर, हिंदू सेना अध्यक्ष साहब सिंह गुर्जर, मतलूब अहमद और अंची की संपत्ति जब्त करने की कार्यवाही शुरू की गई है। पुलिस का कहना है कि चारों आरोपी लंबे समय से फरार चल



रहे हैं। अदालत से वारंट जारी होने के बाद चारों फरार आरोपी की संपत्ति कुर्क की जाएगी।

**69 पीड़ितों को मिलेगी सहायता राशि:** दूसरी ओर गहलोत सरकार ने करौली हिंसा पीड़ितों के लिए सहायता राशि देने का फैसला किया है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि करौली हिंसा में जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है।

## कोविड-19: मुआवजा दावा दायर करने की समयसीमा दो महीने होगी

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 के कारण 20 मार्च से पहले हुई मौतों के मुआवजे के लिए दावा दायर करने की समय सीमा दो महीने होगी, जबकि भविष्य में होने वाली मौतों के लिए यह तीन महीने होगी। एनडीएमए ने 24 मार्च को इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मद्देनजर यह घोषणा की।

**भविष्य में होने वाली मौतों के मुआवजे के लिए तीन महीने का समय:** एनडीएमए ने एक



सार्वजनिक नोटिस में कहा कि अगर मृत्यु 20 मार्च 2022 से पहले कोरोना के कारण हुई है, तो मुआवजे के लिए दावा दायर करने की समय सीमा 60 दिन होगी। भविष्य में होने वाली मौतों के मुआवजा के लिए दावा दायर करने के लिए मृत्यु की तारीख से 90 दिनों का समय दिया जाएगा। दावों की प्रक्रिया आगे बढ़ने और दावे की प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर मुआवजे का वास्तविक भुगतान करने का आदेश जारी रहेगा। ऐसे मामले में जहां कोई दावेदार मुश्किलों के कारण निर्धारित समय के भीतर आवेदन नहीं कर सका, उसके लिए शिकायत निवारण समिति से संपर्क करने और इसके माध्यम से दावा करने का विकल्प खुला रहेगा ।

## अयोध्या का माहौल बिगाड़ने की कोशिश

### दो मस्जिदों के गेट पर फेंकी गई आपत्तिजनक वस्तुएं, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर

**अयोध्या:** असामाजिक तत्वों ने अयोध्या में दो मस्जिदों के गेट व एक मोहल्ले की सड़क पर आपत्तिजनक वस्तुएं फेंककर शहर का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने धर्मगुरुओं के साथ बैठक करके हालात का जायजा लिया और शीघ्र ही कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इससे असामाजिक तत्वों की कोशिश नाकाम हो गई और मौके पर अमन-चैन कायम है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कोतवाली नगर क्षेत्र के वक्फ जामा मस्जिद टाटशाह के सचिव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर रात करीब दो बजे मस्जिद के मोअज्जिन ने रोज की तरफ सुबह की नमाज के लिए मस्जिद का गेट दक्षिणी तरफ



खोला तो चार मोटर साइकिल पर दो-दो लोग बैठे थे और पश्चिम तरफ जा रहे थे। जब उन्होंने मस्जिद की सीढियों पर देखा तो धार्मिक ग्रंथ फटा हुआ पड़ा मिला। साथ ही मांस का टुकड़ा व एक पोस्टर भी मिला, जिसमें मोहम्मद साहब के बारे में अपशब्द लिखा था। बताया कि मस्जिद के सीसीटीवी में सारी घटना कैद हुई है। वहीं, मोहल्ला काश्मीरी मस्जिद व घोसियाना मोहल्ले में भी इसी तरह की सामग्री पड़ी मिली, जिसकी सूचना भी पुलिस को दी गई। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस के कान खड़े हो गए। सांप्रदायिक सौहार्द व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आनन-फानन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय, जिलाधिकारी नितीश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और नाकेबंदी शुरू कर दिया। जिले के धर्मगुरुओं के साथ एसएसपी व जिलाधिकारी ने मस्जिद परिसर में बैठक किया और शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने का धर्मगुरुओं को आश्वासन देते हुए सहयोग की अपील किया। जिस पर धर्मगुरु सहमत हुए और शांति व्यवस्था में खलल पैदा करने की असामाजिक तत्वों की कोशिश नाकाम हो गई। एसएसपी के निर्देश पर ही जिले की पुलिस अलर्ट हो गई।

## तंजावुर में रथयात्रा में करंट से 11 लोगों की मौत

**तंजावुर:** तंजावुर जिले के कालीमेडु में अप्पर मंदिर की रथयात्रा के दौरान कई लोग हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। पुलिस ने करंट लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को तंजावुर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। यह हादसा बुधवार तड़के रथयात्रा के दौरान हुआ। रथयात्रा में शामिल होने के लिए



आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु आए थे। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रथयात्रा एक मोड़ से गुजर रही थी। इसी दौरान रथ पर खड़े लोग हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गए। पुलिस के मुताबिक करंट की चपेट में आने से रथ क्षतिग्रस्त हो गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

# नगर निगम : 50 लाख में श्मशान घाटों व कब्रिस्तान का होगा सुंदरीकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को हुई। इसमें कई फैसले लोगों के हित में लिए गए हैं। चालू वित्तीय वर्ष के बजट पर बुधवार सुबह 11 बजे नगर निगम सदन कक्ष में कार्यकारिणी की बैठक शुरू हुई। इसमें श्मशान घाटों, कब्रिस्तान के सुंदरीकरण को लेकर 50 लाख रुपए का बजट पेश हुआ। साथ ही करैली की 400 बीघा नजुल की भूमि पर बने 704 लोग जिन्हें नोटिस दी गई थी। उनको मौका देते हुए आज के सर्किल रेट से उनका नवीनीकरण किया जाएगा। ये प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में शहर के विकास के लिए करीब 8 अरब रुपए व जलकल विभाग के लिए करीब 16 अरब रुपये के बजट पर मोहर लगी।कार्यकारिणी बैठक महापौर

## कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



अभिलाषा गुप्ता नंदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह सहित कार्यकारिणी सदस्य पार्षद कमलेश तिवारी, सरदार अमरजीत सिंह, अमरजीत यादव, नंदलाल हेला, मोहम्मद आजम उपस्थित रहे।

**ई-रिक्शा के लिए बनेगा पार्किंग :** बैठक में ई-रिक्शा की लगातार बढ़ रही संख्या पर चर्चा हुई। कहा गया है कि पुलिस प्रशासन के साथ में एक बैठक कर यह गाइडलाइन तय की जाए कि नगर में उपलब्ध जमीन के अनुसार कितने ई-रिक्शा चलने चाहिए। इसका क्या मानक होना चाहिए। इसके अलावा इन ई- रिक्शा के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

**महावीरपुरी में पानी की किल्लत होगी दूर :** महावीरपुर क्षेत्र के करीब 3 हजार घरों में पीने के पानी को लेकर समस्या पर चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद व कार्यकारिणी सदस्य कमलेश तिवारी ने बताया कि गोविंदपुर से महावीर पुरी में पानी की सप्लाई की जाती है। महावीर पुर से गोविंदपुर पानी की टंकी की दूरी करीब 3 किमी है। इस वजह से पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पाती है।इस समस्या को देखते हुए महावीरपुरी के लिए अलग ट्यूबवेल की व्यवस्था पर बजट में प्रावधान किया गया। वहीं मजार चौराहे से शिवकुटी थाने के बीच एलईडी स्ट्रीट लाइट करीब दो साल से नहीं जलने को लेकर भी चर्चा हुई। जिस पर महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने चीफ इंजीनियर को स्ट्रीट लाइट जल्द ठीक करवाने का निर्देश दिया।

## जंघई में बुंदेलखंड ट्रेन की चपेट मे आने से वृद्ध की मौत

**जंघई।** वाराणसी प्रतापगढ़ रेलवे रुट पर स्थित जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक के पास मंगलवार रात में प्रयागराज जनपद के सरायममरेज थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी रमाकांत उपाध्याय 60 वर्ष वाराणसी से ग्वालियर जा रही बुंदेलखंड एक्सप्रेस की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन ड्राइवर के मेमो पर आरपीएफ जीआरपी जंघई मौके पर पहुच गयी घटना स्थल सरायममरेज थाना क्षेत्र मे होने के कारण सूचना पर सरायममरेज थानांतर्गत जंघई चौकी इंचार्ज राज कुमार त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास की गिरफ्तारी पर रोक बरकरार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करते हुए बाहुबली मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को मिली अंतरिम राहत बरकार रखी है। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के आग्रह पर जवाब दाखिल करने का दो सप्ताह का समय देते हुए मामले की सुनवाई के लिए 12 मई की तिथि सुनिश्चित की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल व न्यायमूर्ति साधना रानी चौहान की खंडपीठ ने अब्बास अंसारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।इसके पूर्व सुनवाई केदौरान मामले में सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा रजिस्ट्री के जरिए दाखिल किया गया। सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उनकी ओर से याची पक्ष को भी जवाब की कॉपी उपलब्ध करा दी गई है। इस पर याची केपक्ष केअधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने इसका जवाब दाखिल करने केलिए दो सप्ताह का समय दिए जाने की मांग की। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई केलिए आगे की तिथि सुनिश्चित कर दी। इसके साथ ही कोर्ट ने विधायक अब्बास अंसारी को दी गई अंतरिम राहत को भी बरकरार रखा। जिससे कि मामले में अगली सुनवाई तक विधायक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकती है।विधायक पर विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ के अधिकारियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। उनके खिलाफ मऊ नगर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। विधायक अब्बास अंसारी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर एफआईआर को रद्द करने की मांग की है। कोर्ट ने मामले में सरकार से जवाब मांगते हुए विधायक को अंतरिम राहत देते हुए मामले की सुनवाई तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

## आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो निस्तारण :मण्डलायुक्त

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को गांधी सभागार में मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में क्षय रोगियों को गोद लिए जाने की स्थिति, नवजात शिशुओं के टीकाकरण, कुपोषण, गौशालाओं में भूसा की उपलब्धता, समस्त पेंशन का आधार प्रमाणीकरण, दिव्यांग प्रमाणपत्र, स्कूल चलो अभियान, मनरेगा के तहत जल संरक्षण, ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के निर्माण, आईजीआरएस, ग्रामीण पाइप्ड पेजयल योजना, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गयी।

मण्डलायुक्त ने विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर क्षय रोगियों को गोद लिए जाने की समीक्षा करते हुए प्रयागराज में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष गोद लिए जाने वाले क्षय रोगियों की संख्या कम पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत क्षय रोगियों को गोद लेने की कार्यवाही पूरी की जाये साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि मरीज के घर के आस-पास के व्यक्ति द्वारा ही उन्हें गोद लिया जाये, तो बेहतर होगा। उन्होंने मण्डल के सभी जनपदों में गोद लेने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों के साथ माह में एक बार बैठक भी की जाये। मण्डलायुक्त ने नवजात बच्चों के टीकाकरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को इस कार्य की मानीटरिंग करते रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाये, यह हम सब की जिम्मेदारी है। मण्डलायुक्त ने कहा कि कुपोषण से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण से बाहर लाने में उनकी सहायता की जाये। मण्डलायुक्त ने गौशालाओं में भूसा की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए मण्डल के सभी सम्बंधित अधिकारियों को गौशालाओं का लगातार भ्रमण करते रहने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाये कि गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता, पानी, टीन-शेड, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त बनी रहे। उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और क्या प्रयास किये जा सकते है, इसके लिए सभी अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय योजना की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्यालय में बच्चों की शिक्षा, साफ-सफाई, गुणवत्तायुक्त भोजन, सीसीटीवी कैमरा तथा क्षमता के अनुसार विद्यालय में बच्चों को प्रवेश दिया जाये। उन्होंने विद्यालय में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के लिए कहा है। पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासनादेश के अनुक्रम में लाभाथिंयों के खाते में पेंशन पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी पेंशन लाभाथिंयों के खातों को आधार नम्बर से जोड़ने की कार्यवाही निर्धारित समय में पूर्ण करा ली जाये। मण्डलायुक्त ने मण्डल में दिव्यांजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किये की स्थिति की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारी अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर यथासम्भव अपने जिले में ही बनवाना सुनिश्चित करें। विशेष परिस्थितियों में ही दिव्यांगजनों को दूसरे जिलों के लिए रेफर किया जाये। मण्डलायुक्त ने स्कूल चलों अभियान के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा मण्डल स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों में बच्चों के नामांकन की संख्या बढ़ाये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न होने पाये। ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में सचिवालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, तत्काल उनकों क्रियाशील करें साथ ही साथ जहां पर अभी निर्माण कार्य चल रहा है, वहां पर निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालयों में ग्राम प्रधान, सचिव एवं पंचायत सहायक व अन्य सम्बंधित लोग अनिवार्य रूप से बैठे और जनता की समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करायें। ग्रामीण पाइप्ड जल योजना में विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन दिए जाने के कार्य में लापरवाही बरते जाने पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए 15 दिनों के अंदर कनेक्शन सम्बंधी कार्यों को पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस जनसुनवाई की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि पोर्टल पर आने वाली सभी शिकायतों का निर्धारित समय के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। मण्डलायुक्त ने निर्माण कार्यों के लिए किए जाने वाले भूमि अधिग्रहण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी दरों के निर्धारण में देरी की वजह से भूमि अधिग्रहण का कार्य रूका हुआ है, वहां पर एक सप्ताह के अंदर दरों का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी कौशाम्बी सुजीत कुमार, जिलाधिकारी प्रतापगढ डॉ0 नितिन बंसल, सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के मण्डल एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एनडीआरएफ द्वारा नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों को आपात स्थितियों में बचाव कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

## उपनियंत्रक एवं चीफ वार्डन द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के महत्व के बारे में दी गयी जानकारी




अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उपनियंत्रक, नागरिक सुरक्षा नरेन्द्र शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि नागरिक सुरक्षा विभाग स्तर पर निर्धारित 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत हवाई हमले/आपदा के दौरान बचाव हेतु नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों के संबंध में एक अभ्यास/प्रदर्शन के क्रम में दिनांक 25.04.2022 से 29.04.2022 तक सरस केन्द्र, विकास भवन में चल रहे नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण (अमानदेय) के तीसरे दिन नागरिक सुरक्षा के 120 से अधिक पदाधिकारियों को एन0डी0आर0एफ0 (11, राष्ट्रीय आपदा मोचक बल, वाराणसी) के इंस्पेक्टर श्री दिनकर त्रिपाठी जी ने आपात स्थितियों में बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया, जिनमें गैस, कैमिकल आदि की इमरजेंसी, बाढ से पूर्व, बाढ के दौरान एवं बाढ के उपरान्त की जाने वाली कार्यवाहियॉ, सॉप आदि जहरीले जन्तुओं के काटने पर व घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार व स्ट्रेचर के माध्यम से लाना-लेजाना, भूकम्प, चक्रवात, सडक दुर्घटना, शारीरिक चोंट जैसे सिर, ऑख, हड्डी टूटने, बहते रक्त को रोकने के उपाय आदि की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नये-नये मानव जनित आपदाओं के अंतर्गत ताजा उदाहरण देते हुये यूक्रेन-रूस युद्ध से काफी कुछ सबक लेने पर बल दिया। श्री उज्जवल कुमार, रेस्क्यूअर ने मेनीक्विन पर सी0पी0आर0 तकनीक का डेमो दिया तथा कुछ उत्साही स्वयंसेवकों द्वारा भी मंच पर इसका अभ्यास किया गया। इस अवसर पर 11, एन0डी0आर0एफ0, वाराणसी के सैकेण्ड-इन-कमाण्ड श्री असीम उपाध्याय भी उपस्थित रहे। उपनियंत्रक श्री नरेन्द्र शर्मा एवं चीफ वार्डन श्री अनिल कुमार द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन एवं प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया गया। गुरुवार को नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र कार्यालय परिसर में रेस्क्यू मैथड, फायर, फर्स्ट एड आदि का डिमॉस्ट्रेशन नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रखण्डों के डिवीजनल वार्डन, आई0सी0ओ0, स्टाफ आफीसर, पोस्ट वार्डन, सेक्टर वार्डन सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत प्रतापपुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **प्रतापपुर** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 02 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है । 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**श्रीमती सविता**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. प्रतापपुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. प्रतापपुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर कोरारी वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **हसनपुर कोरारी** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 11 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है । 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**प्रेम चन्द्र**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. हसनपुर कोरारी
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. हसनपुर कोरारी
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हौना वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **कुम्हौना** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 12:30 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है । 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**राम सिंह यादव**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. कुम्हौना
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. कुम्हौना
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

# पात्र व्यक्तियों को योजना से किया जाए लाभान्वित: डीएम

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक ने बताया है कि केन्द्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना भारत सरकार द्वारा 2020-21 से 2024-25 तक की अवधि हेतु लागू की गयी है।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल।

योजना में कुल परिव्यय का 60 प्रतिशत केन्द्रांश एवं 40 प्रतिशत राज्यांश है। योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों को 60 प्रतिशत एवं अन्य लाभार्थियों को 40 प्रतिशत अनुदान देय हैं। अनुदान के अतिरिक्त परियोजना की शेष धनराशि लाभार्थी अंश है। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत माह जनवरी 2022 में प्राप्त नये आवेदन के आधार पर लाभार्थियों एवं वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना का जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन लिया गया। परियोजनावार प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में बताया गया कि निजी भूमि में तालाब निर्माण पर 7 लाख प्रति हेक्टेयर व निवेश पर 4 लाख प्रति हेक्टेयर परियोजना की लागत है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये और इसका प्रचार प्रसार कराया जाये। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला लाभार्थियों सहित अन्य पात्र लाभार्थियों को दिया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता कदापि न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूलों में पक्षियों के पानी की व्यवस्था की पहल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भीषण गर्मी में प्यास से सभी बेहाल है। इंसान तो पानी मांगकर प्यास बुझा लेता है। बेजुबान पक्षी कैसे प्यास बुझाए। पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने स्कूलों में पानी रखने के मिट्टी के जल पात्र वितरण की अनूठी पहल की है। बुधवार को जोगापुर माडल, मिडिल और सहोदरपुर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों और टीचरों को जल पात्र दिया गया। बच्चों ने पेड़ों के नीचे गड्ढा खोदकर उसमें पात्र को रखकर पानी भरा। उन्होंने रोज याद करके पात्र में पानी भरने का संकल्प लिया। टीचर लक्ष्मी पटेल ने बच्चों और अभिभावको से गर्मी में घरों,छतों और आसपास के पेड़ों के पास पक्षियों के लिए पानी से भरा बर्तन और खाने की चीजें जरूर रखें।

## सांगीपुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में करोड़ों की विकास योजनाओं पर लगी मुहर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक मे पंचायत प्रतिनिधियों ने चैदह करोड़ से जुड़ी विकास योजनाओं की मंजूरी पर बुधवार को मुहर लगाई। इसके तहत लगभग चार करोड़ रुपए मानव दिवस के सृजन हेतु खर्च किये जाने पर सहमति बनीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों से विकास योजनाओं के संचालन मे सहयोग मांगा। उन्होंने ग्रामीण इलाके मे निर्माण कार्यो मे गुणवत्ता पर पंचायत प्रतिनिधियों से जिम्मेदार भूमिका के प्रति भी खासा जोर दिया। इसके पहले सीडीपीओ संध्या वर्मा बाल विकास परियोजना से जुड़ी आख्या प्रस्तुत कर रही थी तभी शाहबरी के सूरज कुमार सिंह ने विभागीय योजनाओं मे भ्रष्टाचार का आरोप लगा दिया। इस पर बैठक मे हंगामा बढ़ गया। इसे देख सभागार के बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हॉल मे पहुंचकर माहौल को शांत कराया। कटेहटी प्रधान प्रतिनिधि बृजकिशोर तिवारी ने बीडीओ के ब्लाक में मौजूद न रहने की शिकायत की। इसका कई सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने बीडीओ के बाबत डीएम से वार्ता कर समस्या के समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। बैठक मे जेई आरईएस के गैरहाजिरी पर भी प्रधानों व बीडीसी सदस्यों मे आक्रोश दिखा। बैठक का संचालन जेईएमआई रामआसरे पाण्डेय ने किया।

बैठक मे जिला पंचायत सदस्य रिंकू सिंह परिहार, अशोक धर दुबे, लल्लन सिंह, महेन्द्र सिंह, रामकरन ओझा आदि ने भी विकास योजनाओं को लेकर अपने सुझाव रखे। बीडीसी की बैठक को लेकर सांगीपुर पुलिस को सुबह से लेकर बैठक समाप्त होने तक खासा चैकन्ना देखा गया।

## स्कूल चलो अभियान को हरी झंडी दिखाकर बीईओ ने किया रवाना

### अभियान की सेल्फी प्वाइंट में ग्रामीणों ने खिंचवाई फोटो

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नवीन शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन, ठहराव, व लर्निंग आउटकम में वृद्धि किए जाने को लेकर प्राथमिक विद्यालय पूरे वैष्णव विकासखंड मान्धाता में शिव बहादुर मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना की। स्कूल चलो अभियान की रैली जब गांव में प्रवेश की तब वहां पर उपस्थित ग्रामीण, अभिभावक तथा समुदाय के लोगों ने स्कूल चलो अभियान सेल्फी प्वाइंट पर बड़े ही उत्सुकता के साथ फोटो खिंचवाई और संकल्प लिया कि मैं अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूल में ही करवाऊंगा। शैक्षिक गुणवत्ता को देखकर बी ईओ मान्धाता ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार गुप्ता और पूरी टीम की प्रशंसा एवं सराहना की। कुल नामांकित 38 बच्चों में शत प्रतिशत 38 बच्चे उपस्थित थे। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार गुप्ता, शिक्षक मुहम्मद फरहीम (राज्य अध्यापक पुरस्कृत) शिक्षक संजय पांडेय, प्रशांत कुमार सिसोदिया सहायक अध्यापक, सविता मौर्या सहायक अध्यापिका, शिक्षक सुभाष चंद्र, सीमा मिश्रा शिक्षामित्र आदि क्षेत्र के कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।



स्कूल चलो अभियान रैली में शामिल छात्र-छात्राएं।

## टेबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे



छात्रा को टेबलेट देते शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी।

## छात्र-छात्राओं को मिल रहा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभः उमेश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बुधवार को शिक्षक विधायक के हाथों से टेबलेट व स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। क्षेत्र स्थित रामपुर बावली पं० विद्याधर मिश्र सरस्वती वि०म० विज्ञान एवं अनुसंधान महाविद्यालय में टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने 16 छात्र-छात्राओं को टेबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से शिक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये इस योजना को लागू की है जिसका लाभ स्नातक में प्रवेश लेने वाले सभी परीक्षार्थियों को मिल रहा है। इससे पूर्व प्रबंधक डॉ० अजय मिश्र ने शिक्षक विधायक को माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गौरी शंकर तिवारी व आभार प्रदर्शन डॉ० अरूण शंकर मिश्र ने किया। ज्स मौके पर परमसुख तिवारी, विजय पाल सिंह, कृष्णदेव त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## भगवान की भक्ति से मिट जाते है जीवन के सभी दुःखः उमाशंकर महाराज

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के गोगलापुर में हो रहे शिव पुराण पुराण कथा में मंगलवार की शाम लोगों ने कथा का रसपान किया। जीवन दर्शन से संबंधित कई प्रकार की सीख देने वाली बातों को अयोध्या से पधारे परम पूज्य पंडित उमाशंकर जी महाराज लोगों को बताई। भाव विभोर होकर लोगों ने संगीत में कथा का रसपान किया। कथा के पहले दिन श्री शिव महापुराण कथा अमृत का श्रवण करने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। पंडित उमा शंकर जी महाराज ने बताया कि जीवन को सफल बनाने के लिए जीवन में भक्ति का होना बहुत ही आवश्यक है। बिना भक्ति के जीवन कभी सफल नहीं हो सकता है। किष्किंधा कांड का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्री हनुमान का जीवन भगवान श्री राम के चरणों में आने से महान हो गया। उन्होंने कहा कि भगवान के बस में तो सारा संसार है लेकिन अपने त्याग और समर्पण से भगवान को अपने बस में कर लेना का नाम ही भक्ति है, और भक्ति के सबसे बड़े आदर्श पवन पुत्र हनुमान हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बजाही वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **बजाही** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 1:30 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत हैः–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**पवन कुमार यादव**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. बजाही
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. बजाही
वि. ख. सहसों, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत बकसेड़ा वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **बकसेड़ा** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 12 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत हैः–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**बृजेश कुमार पाण्डेय**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. बकसेड़ा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. बकसेड़ा
वि. ख. सहसों, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत देवापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022–23 में मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/14वां वित्त आयोग/15 वां वित्त आयोग / कायाकल्प योजना / स्वच्छ भारत मिशन व बी आर जी एफ योजना के अन्तर्गत **देवापुर** ग्राम पंचायत के मद से कराए जाने वाले कार्य के लिए कार्यस्थलों पर निम्न सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2022 से 04.05.2022 तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में सायं 4 बजे तक निविदा जमा कर सकते हैं जो दिनांक 05.05.2022 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य समिति के सदस्यो के समक्ष 01 बजे खोली जायेगी।

**सामग्रियों का विवरण निम्नवत हैः–**

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एम एम | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति नग |
| 3. | मोरंग बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 5. | स्टोन ब्लास्ट 22.4 एम एम से 35 एमएम (अलग–अलग) | प्रति घन मीटर |
| 6. | ईट गिट्टी 20 एम एम (40 एम एम) | प्रति घन मीटर |
| 7. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 8. | ह्यूम पाइप 350 एम एम एन पी पी | प्रति नग |
| 9. | ह्यूम पाइप 600/900 एम एम | प्रति नग |
| 10. | सोलर लाईट व स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 11. | इंटरलाकिंग ईट | प्रति हजार |
| 12. | शौचालय सामग्री/दरवाजा कम्पलीट | प्रति नग |
| 13. | पत्थर पटिया विभिन्न साइज | प्रति नग |
| 14. | इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री | प्रति नग |
| 15. | चूना / पेन्ट इत्यादि | प्रति नग |
| 16. | टाईल्स | प्रति नग |
| 17. | किचन सेड सामग्री | प्रति नग |
| 18. | गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूसा व अन्य सामग्री आपूर्ति | प्रति नग |
| 19. | कोविड 19 के अन्तर्गत आवश्यक सामग्री | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की निधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. सामग्री आपूतिकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर बान्ड भरना अनिवार्य होगा। तदउपरान्त जारी किया जायेगा। 6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति के स्वीकृत के बाद भुगतान किया जायेगा। 7. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो, प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय। 8. प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू. डी. की एकीकृत दर से अधिक न हो। 9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समयावधि अन्तर्गत की जानी अनिवार्य होगी। 10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।

**अनिल कुमार सरोज**
(ग्राम प्रधान)
ग्रा. पं. देवापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/2022–23/ दिनांक 27.04.2022

**अजय कुमार राना**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा. पं. देवापुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

## खबर संक्षेप

### गरीबों के अनाज पर माफियाओं की नजर हो रहे मालामाल

**कौशाम्बी।** गरीबों की थाली पर लंबे समय से माफियाओं की नजर लग गई है। जनपद में ऐसे ऐसे माफिया है जो गरीबो की थाली में रोटी-चावल तक नही देखना चाहते है। लगातार स्थानीय लोगों के आरोप के बाद भी सैनी एफसीआई से अनाज की हेराफेरी नहीं बंद हो रही है अझुवा कस्बे का एक गल्ला माफिया गोदाम पर कब्जा कर रखा है सेटिंग-गेटिंग के चलते खराब माल एफसीआई के गोदामों में डाल कर माफिया मालामाल हो रहे है सरकारी गोदामों में घटिया क्वालिटी के चावल की जहां आपूर्ति हो रही है वहीं गरीबों के बीच पहुंचने वाले खाद्यान्न के गेंहू चावल की बेखौफ तरीके से गोदाम से कालाबाजारी हो रही है पूरे जिले के गोदामों में लंबे समय से राशन माफिया हावी हैं और विभागीय अधिकारी इन राशन माफियाओं को गोदाम से दूर करने के बजाय उनके बचाव में ऊर्जा लगाते दिख रहे हैं।

# विद्युत करंट से विधवा महिला की मौत अनाथ हुए बच्चे

अखंड भारत संदेश

**माता पिता की मौत के बाद अनाथ हुए बच्चों का रो रो कर बुरा हाल**



मौत के बाद रोते बिलखते बच्चे

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के शेषा गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है महिला के पति की 10 वर्षों पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है पति पत्नी दोनों की मौत के बाद बच्चे अनाथ हो गए हैं अब वह किसके सहारे अपनी जिंदगी के दिन गुजारेंगे हंसते खेलते बच्चों के जिंदगी में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के शेषा गांव में बीती रात 11बजे घरेलू केबल की लाइट से कमला देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी स्वर्गीय राम अभिलाष यादव खूंटी में टंगी दूध की बाल्टी उतारने गई थी उसी खूंटी पर विद्युत की केबिल लपेटे गए थे केबिल कहीं कटी थी जिसके चपेट में महिला आ गई है और गंभीर रूप से झुलस गई है विद्युत करंट के चपेट से झुलसी महिला को इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई है महिला की मौत की जानकारी पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है 10 वर्षों पहले सड़क हादसे में महिला के पति राम अभिलाष की मौत हो चुकी है माता पिता की मौत के बाद पुत्र प्रशांत यादव उम्र 17 वर्ष बेटी जागृत 15 वर्ष पुत्र विद्यासागर 13 वर्ष और आकृति 11वर्ष दहाड़ मार कर रो रहे हैं उनके सामने दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

### पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी 31 मई तक अवश्य करायें ई-केवाईसी

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभार्थियों के भुगतान की धनराशि पीएम किसान के पोर्टल पर फीड बैंक खाते पर न होकर आधार की फीडिंग के आधार पर ही होगा लाभार्थी कृषक माह अप्रैल 2022 से जुलाई 2022 की आने वाली 11वीं किस्त हेतु सबसे पहले अपने नजदीकी आधार संशोधन केन्द्रों में जाकर अपने आधार को मोबाइल नंबर से जुड़वायें इसके पश्चात सहज जन सेवा केन्द्र व सीएससी सेन्टर में जाकर पीएम किसान योजनान्तर्गत ई-केवाईसी 31 मई 2022 तक अवश्य करायें जिन लाभार्थी कृषकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं कराया जायेगा उन्हें प्राप्त होने वाली 11वीं किश्त व अन्य आने वाली समस्त किश्तें भारत सरकार द्वारा रोक दिया जायेगा जिसका उत्तरदायित्व स्वयं कृषक होगा।

## न्यूज झरोखा

### फिर बच निकले बालू माफिया 22 मजदूर भेजे गए जेल, 38 हजार 75 हजार रुपए लगाया गया मजदूरों पर सम्मन शुल्क



**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी चायल उप जिला मजिस्ट्रेट चायल व खनन अधिकारी थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा थाना सराय अकिल के नन्दा का पुरवा केवट का पुरवा घाट के किनारे 25 व 26 अप्रैल की रात्रि में निरीक्षण किया तो अनुज्ञा पत्र धारक रविशंकर गुप्ता पुत्र स्व० हीरालाल निवासी ग्राम दारानगर तहसील सिराथू थाना सैनी द्वारा अपने स्वीकृत क्षेत्र से हटकर बालू मौरंग का अवैध खनन व परिवहन होना पाया गया जिसपर पट्टा धारक उपरोक्त पर 38 लाख 75 हजार रुपए सम्मन शुल्क लगाया गया खनन अधिकारी द्वारा थाना सराय अकिल पर दी गयी लिखित सूचना के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जिसके क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा बुधवार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 22 मजदूरों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है इस बार फिर बालू माफिया बच निकला और पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में खड़े हैं आला अधिकारियों को भी गुमराह करने से कोतवाल नहीं चूक रहे हैं जिन मजदूरों को पुलिस ने अदालत में पेश किया है वह कहीं से बालू माफिया नहीं लगते हैं इस प्रकरण पर आला अधिकारियों ने जांच कराई तो बालू माफियाओं पर मेहरबानी रखने वाले कोतवाल पर कठोर कार्रवाई हो सकती है।

### रास्ते मे गन्दे पानी के भर जाने से बीमारियों का खतरा बढ़ा

#### दबंगों के द्वारा पानी रोके जाने से ग्रामीणों में आक्रोश



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम कशिया पश्चिम गांव में दबंगो के द्वारा नाली का पानी रोक देने से पूरे रास्ते मे गन्दा पानी भर गया है गांव की गली में गंदा पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों व स्कूल आने जाने बच्चों को बहुत ही परेशानी होती है ग्रामीणों ने बताया कि गन्दा पानी भर जाने से दुर्गंध के साथ साथ बीमारी भी फैलने का खतरा बढ़ गया है इसकी शिकायत राजस्व कर्मचारियों व पुलिस विभाग से की गयी।सूचना मिलते ही मौके पर लेखपाल भी पहुँच कर गन्दे पानी को हटवाने का प्रयास किया लेकिन दबंगों के आगे वह भी नही टिक पाये और गन्दे पानी का रास्ता नहीं खोलवा पाये जबकि कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यह पानी लगभग पचास साल से लगातार उसी रास्ते की नाली से बह रहा था लेकिन दबंगो के द्वारा पानी को रोक देने से महामारी का खतरा बढ़ गया ग्रामीणों ने जिला पंचायत राज अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बंद की गई नाली के रास्ते को खुलवाने की मांग की है।

### सेंट जोसेफ स्कूल में होगा शतरंज खेल का आयोजन

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ और सेन्ट जोसेफ स्कूल कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में 29 अप्रैल 2022 को आयु वर्ग 16 जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन सेन्ट जोसेफ स्कूल काजीपुर में प्रातः 9ˋ में किया जायेगा सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के किसी भी गांव और नगर या स्कूल के आयु 16 वर्ग के खिलाड़ी प्रविष्ट कर सकते हैं प्रविष्ट के लिए सचिव राघवेन्द्र शुक्ल से सम्पर्क कर सकते हैं 7080066660,8808888720 सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रथम दो खिलाड़ी राज्य शतरंज चैंपियनशिप में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेगे।

### फरार चल रहे अपराधी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**चायल कौशाम्बी।** दो साल पहले किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू किया है। पिपरी कोतवाली के चायल कस्बा चौकी इंचार्ज आलोक कुमार ने बताया कि पूरा मुफ्ती कोतवाली के कुसुवा निवासी अनुभव कुमार पुत्र अशोक पासी दो साल पहले एक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। अनुभव के खिलाफ पिपरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा है। इसको लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुर्की की नोटिस चस्पा करते हुए कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### कमर में पिस्टल लगाकर नर्तकियों के साथ डांस कर रहे दो युवक

**कौशाम्बी।** पइंसा थाना क्षेत्र के मोंगरी कड़ा गांव में कमर में असलहा लगाकर बार–बालाओं के साथ डांस करने का फिर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है कमर में पिस्टल और हाथों में नोटों की गड्डी ले कर जन्मदिन की पार्टी में अवैध असलहे के साथ दो युवक नर्तकी के साथ डांस करते देखे जा रहे हैं दोनो युवक कमर में पिस्टल लगाकर डांस कर रहे हैं सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और कमर में पिस्टल लगाकर डांस करने वाले युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

### धार्मिक स्थलो से हटवाए गए 300 लाउडस्पीकर

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के निर्देश और शासनादेश के अनुपालन के क्रम पुलिस प्रशासन की प्रेरणा से जनपद के धार्मिक स्थलो से 300 लाउडस्पीकर हटवाये गये तथा 295 लाइडस्पीकरों की ध्वनि निर्धारित मानकों के अनुसार कम करायी गयी।

### चायल तहसील में लगा आरओ वाटर खराब



**चायल कौशाम्बी।** जिले के चायल तहसील में वैसे तो 2 से तीन पानी की टंकी लगी है जिसमे 2 आरओ वाटर की टंकी लगी जो महीनो से खराब चल रही है इस तपती धूप में लोग तहसील आते हैं जिन्हे पानी पीने की काफी दिक्कत होती रहती हैं यह तक की अधिवक्ताओं की भी पानी पीने की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं तहसील प्रशासन इस पर कोई विचार नहीं कर रहा है जिससे फरियादियों से लेकर अधिवक्ता पानी के लिए परेशान है अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आरओ प्लांट ठीक कराए जाने की मांग की है।

# सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में प्रेसिडेंसी स्कूल के क्लास 10 के बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू होते ही विद्यालय की प्रधानाचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें टीका लगाकर छात्रों का स्वागत किया है और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं परीक्षा के लिए बच्चों के बीच में उत्साह का माहौल दिखा बच्चों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा पवार ने बच्चों को टीका लगा कर के उनका स्वागत करते हुए उनके सुंदर भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा पवार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं की संख्या 246 रही एवं चार अनुपस्थित रहे कुल छात्रों की संख्या कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल के बच्चों की 250 थी संस्थान के सभी छात्र एवं छात्राओं ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने के लिए प्रतिबद्ध दिखे संस्थान के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के सुंदर भविष्य के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया इस कार्यक्रम के दौरान विजय चौहान दीपक खरवार अकांत गुप्ता मिथिलेश यादव सचिन त्रिपाठी अभिमन्यु पांडे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।




परीक्षा के पूर्व परीक्षार्थियों को टीका लगाती प्रधानाचार्य

### ओवरटेक में बाइक सवार बाइक से भिड़े, दो लहूलुहान

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेगाई जलालपुर चौराहे के पास ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए हैं हादसे में दो लोगों को चोटे आई है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक पलटी पुर गांव निवासी जितेंद्र कुमार अपनी माता गीता देवी को बाइक से लेकर इलाज कराने बेला फतेहपुर गांव गए थे और माता जी का इलाज करा कर जितेंद्र कुमार बाइक से वापस अपने गांव पलटी पुर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार टेगाई जलालपुर गांव के पास पहुंचे आगे जा रहे ट्रैक्टर को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे बाइक सवार से टकरा गए हैं जिससे मां बेटे दोनों सड़क पर गिर पड़े हैं। दुर्घटना में गीता देवी ट्रैक्टर की चपेट में आ गयी इस हादसे में मां बेटे दोनों को चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया दुर्घटना की सूचना जैसे ही टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी को मिलती है चौकी इंचार्ज घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से ई रिक्शा में बिठाकर अस्पताल पहुंचाया। वही घायल लगभग 30 मिनट तक सड़क पर तड़पती रही एंबुलेंस को कई बार फोन करने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची।

# अवैध खनन में गिरफ्तार मजदूरों के नाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के यमुना नदी के घाट से बालू के अवैध खनन में पुलिस ने जिन मजदूरों को गिरफ्तार किया है उनमें रंगराज इरशाद पुत्र रामधीरज निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल सोनू निषाद पुत्र अलहईत निवासी सैदपुर थाना पिपरी आशीष कुमार पाण्डेय पुत्र लक्ष्मीनारायण पाण्डेय निवासी हिसामपुर थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ नितिन कुमार पुत्र रामराज निवासी खलीलाबाद भरवारी थाना कोखराज रामगोपाल माझी पुत्र रामखेलावन मांझी निवासी अतरसुइया थाना सोहागी जनपद रीवा मध्य प्रदेश सुजीत पटेल पुत्र दुखीलाल निवासी मंझनपुर थाना मंझनपुर विपिन सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी केवट का पुरवा थाना सराय अकिल पछ्छु पुत्र रामसजीवन निवासी मेडुआ सलेमपुर थाना सराय अकिल मो. शमी पुत्र मो. खालिद निवासी अमीनपुर सवरो थाना करारी रविशंकर सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी चिल्हा थाना सोहागी जनपद रीवा मध्य प्रदेश शिवपूजन पुत्र धरमू निवासी अठरहा सवरो थाना करारी राजेश पुत्र भुल्लन निवासी श्यामपुर मल्हीपुर थाना सराय अकिल शिवबाबू पुत्र हाफत निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल संजय पुत्र ठाकूर निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल नीबू लाल पुत्र द्वारिका निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल पप्पू पुत्र रामतीरथ निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल मनीष पुत्र रामघसीटे निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल पंकज पुत्र मिश्रीलाल निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकील संदीप पुत्र तीरथ निवासी मल्हीपुर थाना सराय अकिल जनपद गुलशन पुत्र रामदसी निवासी टिकरा थाना सराय अकिल विजय यादव पुत्र मोहनलाल निवासी बेतीरूप का पुरवा थाना हथगाव जनपद प्रतापगढ़ सतीष दुबे पुत्र ओमप्रकाश निवासी डूढे पटना थाना कुडेभार जनपद सुल्तानपुर शामिल बताए जाते हैं।

# करारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया उद्घाटन

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी की नई बिल्डिंग में 30 बेड के अस्पताल में मरीजों का इलाज होगा**



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** जिले में एक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुल गया है नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने फीता काटकर किया है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करारी की नई बिल्डिंग का भव्य पूजन के उपरांत उद्घाटन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा के सी राय और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अरूण कुमार पटेल द्वारा विधि विधान से पूजन किया गया दो चिकित्सकों एक एक फार्मासिस्ट वार्ड ब्वॉय,स्वीपर और 3 स्टाफ नर्स को प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था से तैनात किया गया है अस्पताल के संचालन के लिए शासन से स्टाफ की मांग की गई है नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शुरूवात होते ही ओ पी डी और प्रसव के कार्य का शुभारंभ हो गया है इस अस्पताल का संचालन शुरू हो जाने के बाद मरीजों को आसानी से इलाज मिलेगा सीएमओ और टड्ढू मंझनपुर ने क्षेत्र वासियों को अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था का भरोसा दिलाया है मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी की नई बिल्डिंग में 30 बेड के अस्पताल में मरीजों का इलाज होगा सीएमओ के सी राय,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हिंद प्रकाश मणि, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मंझनपुर डॉ अरुण कुमार पटेल अधीक्षक महफूज आलम, बीपीएम अविनाश मिश्रा बीसीपीएम घनश्याम पाल फार्मासिस्ट कमल सिंह पटेल, एलटी धीरेंद्र सिंह,छअ अफजाल अहमद,वैक्सीनेशन इंचार्ज संतोष कुमार ,3 स्टाफ नर्स वार्ड ब्वाय स्वीपर एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गंदगी से बजबजा रही है देवरा गांव की गलियां

**स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गांव की सफाई व्यवस्था का ढिंढोरा पीट रहे अधिकारी**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गांव की सफाई के नाम पर सरकार बड़ा बजट खर्च कर रही है लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते गांव की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरा की गलियों में गंदा पानी बह रहा है जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती है इस गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है शिकायत किए जाने के बाद भी गांव की गलियों में बह रहे गंदा पानी को नहीं रोका गया है सफाई कर्मचारी भी गांव की सफाई करने नहीं पहुंच रहा है जिससे ग्रामीणों के सामने समस्याएं खड़ी हैं।

देवरा गांव में भूपत सिंह पूर्व प्रधान के बगल से पंकज सिंह के बगल वाली गली में गन्दगी के चलते लोगों का गांव से निकलना मुश्किल है पूरी गली कीचड़ और गंदगी से भरी पड़ी है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीट रहे हैं योजना की सफलता के लिए आए दिन कार्यक्रम आयोजित कर बड़ी-बड़ी डींग हाकी जाती है यही स्थिति राम गोपाल के घर से शिरोमणि मौर्या शंकर जी के मंदिर के रास्ता का है यह रास्ता भी पूरी तरह से दुर्दशा से ग्रस्त है पूरे रास्ते में गंदा पानी कीचड़ भरा है लोगों को आने जाने में दिक्कतें होती हैं लंबे समय से गांव की गलियों में गंदगी और कीचड़ भरा रहने के बाद भी सफाई कर्मी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है पंचायत सचिव ने भी सफाई कर्मी के लापरवाही पर रोक नहीं लगाई है जिससे ग्रामीण परेशान हैं इस संबंध में डीपीआरओ से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कार्यालय में मौजूद ना होने के चलते बात नहीं हो सकी।



गंदगी से बजबजा रही देवरा गांव की गलियां

### जेसीबी मालिक पर युवक की हत्या का आरोप

**कौशाम्बी।** गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई है ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद उसके भाई ने जेसीबी मालिक पर पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है मामले की तहरीर स्थानीय पुलिस को दी गई है पटना पिपरी थाना क्षेत्र की है। प्रयागराज जनपद के गांजा गांव निवासी संदीप सिंह ने पिपरी थानेदार को शिकायती पत्र देकर बताया कि मेरे भाई सुदीप कुमार पर हमला कर उसकी हत्या कर दी गई है शिकायती पत्र के मुताबिक संदीप सिंह ने बताया कि मेरे फोन पर मेरी चचेरी बहन रिंकी ने जानकारी दी कि सुदीप कुमार दुर्घटना में घायल हो गए हैं उसको इलाज के लिए यूनाइटेड हॉस्पिटल ले गये हैं जानकारी मिलने पर संदीप सिंह भी यूनाइटेड हास्पिटल पहुँचे जहाँ पर डाक्टर ने सुदीप कुमार को मृतक घोषित कर दिया शिकायतकर्ता के मुताबिक रवीन्द्र कुमार मकनपुर की जेसीबी मशीन के साथ सुदीप कुमार अपना टैक्टर चला रहा था। घटना स्थल पर रवीन्द्र अपने साथियों के साथ मौजूद था मृतक के भाई का कहना है कि रविन्द्र ने बताया कि सुदीप के सिर पर बहुत बड़ा धाव था। मुझे यकीन है कि मेरे भाई सुदीप को रवीन्द्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर किसी धारदार हथियार से मार कर लहूलुहान कर दिया हैं आरोपी घटना के बाद से ही घटना स्थल से गायब है। शिकायतकर्ता के मुताबिक सुदीप कुमार के पास 34 हजार रुपए नगद थे जो नहीं मिल सके हैं।

# मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस फोर्स के साथ किया पैदल गस्त

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर कस्बा क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में मंगलवार की रात्रि में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया बीते कई महीनों से मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रतिदिन कोतवाल के साथ में पैदल भ्रमण पुलिस के जवान कर रहे हैं मंगलवार की देर रात्रि कदमताल करते हुए पुलिस के जवान कस्बे के अंदर बढ़ रहे थे पुलिस की आहट पाकर लोग देखने लगे कि क्या मामला है पुलिस पैदल गस्त क्यो लगा रही है बाद में मालूम चला कर आला अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास करा रही है मंझनपुर चौराहे पर गस्त के बाद मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के चक नगर चमन गंज नेहरू नगर नेता नगर अंसार गंज सहित कई मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने नगर के व्यापारियों और आम जनता से कहा कि वह निडर होकर वह अपने व्यापार को करें और संदिग्ध लोगों के दिखाई पड़ने पर तत्काल पुलिस के नंबर पर सूचना दें पुलिस हमेशा नगर की जनता के सहयोग में खड़ी रहेगी उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों को नगर क्षेत्र में घूमने की छूट नहीं होगी उन्होंने भ्रमण के दौरान बीच मे लोगों को रोक कर जांच पड़ताल किया और क्षेत्र के अमन-चैन पर लोगों से वार्ता की जिससे लोगों के बीच पुलिस की सख्ती दिखाई पड़ी है।



पैदल गश्त करते मंझनपुर कोतवाल

# रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी स्मैक तस्करी में लिप्त कोतवाल की जांच

**तस्कर से बरामद माल को दूसरे तस्कर को कोतवाली से बेच लिए जाने का मामला, कोतवाली से स्मैक तस्करी के मामले में सिपाहियों को किया जा चुका है निलंबित**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री किसी भी जांच को 3 दिन में पूरा करने का निर्देश दे रहे लेकिन मुख्यमंत्री का निर्देश जिले में हवा हवाई साबित हो रहा है स्मैक तस्करी के मामले में 2 महीने बीत जाने के बाद भी कोतवाल के कारनामे की जांच नहीं पूरी हो सकी है जिले में एक ऐसे भी कोतवाल हैं जिनका स्मैक तस्करों से गहरा संबंध बताया जा रहा है। कुछ माह पहले सोशल मीडिया में स्मैक तस्कर कोतवाल के करखास सिपाही का स्मैक तस्करी से जुड़ा बातचीत का एक आडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया था। आडियो वायरल होने के बाद उक्त कोतवाल के करखास सिपाही को उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और साथ ही कोतवाल की भूमिका की जांच शुरू करा दी जांच को दो माह बीत जाने के बाद भी कोतवाल के कारनामें की जांच रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है जांच अभी भी पूरी नहीं हो सकी है ऊंची पहुंच और पकड़ होने के कारण स्मैक तस्कर कोतवाल के ऊपर विभागीय कार्यवाही करने से आलाधिकारी साहस नही कर रहे हैं। उक्त कोतवाल के ऊपर कई गंभीर आरोप लग चुके हैं लेकिन फिर भी आलाधिकारी इनके कारनामे पर लगाम नहीं लगा रहे हैं। वर्दी की गरिमा को धूल - धूसरित करने में कोतवाल कोई

## डेढ़ महीने बीते अपहरण हत्या के दो आरोपी नही हुए गिरफ्तार

**युवक का अपहरण कर हत्या को मानने से इंकार करने वाले कोतवाल को मिली गिरफ्तारी की जिम्मेदारी कैसे होगी आरोपियों की गिरफ्तारी**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भखन्दा गांव निवासी अनिल सिंह का सराय अकिल कस्बे से भीड़ भरे क्षेत्र से दिनदहाड़े अपहरण करने के बाद 13 मार्च को हत्या कर लाश को गांव के बाहर पेड़ में टांगकर हत्यारों ने इसे आत्महत्या का रूप देने का भरसक प्रयास किया युवक की लाश मिलने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हत्या की पुष्टि कर दी सराय अकिल कस्बे के लोगों ने युवक का दिनदहाड़े अपहरण किए जाने की पुष्टि कर दी लेकिन फिर भी युवक के अपहरण और हत्या के मामले को सराय अकिल कोतवाल कई दिन तक मानने को तैयार नहीं थे पीएम रिपोर्ट आने के बाद भी पुलिस अधिकारियों को गुमराह कर कोतवाल बार बार इसे आत्महत्या का रूप दे रहे थे मामला मीडिया की सुर्खियों में आया आला अधिकारियों ने मामले को संज्ञान लिया और आला अधिकारियों के संज्ञान लेने के बाद कोतवाल ने मामले में मुकदमा अपराध संख्या 86 सन 2022 दर्ज कर लिया और आला अधिकारियों की फटकार के बाद युवक की हत्या और अपहरण में शामिल सात आरोपियों में पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मामले में पुलिस की कार्यवाही पर हमेशा सवाल खड़े होते रहे इस जघन्य हत्याकांड की विवेचना तफ्तीश के दौरान पुलिस ने बार-बार गलती करने का प्रयास किया है जिससे सराय अकिल पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद दो आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस डेढ़ महीने बाद भी नहीं कर सकी है जिससे कोतवाली पुलिस की लचर व्यवस्था पर सवाल उठना लाजमी है। पीड़ित परिजनों की मानें तो हत्यारोपी तरह तरह के दबाव बना रहे हैं उनकी मंशा साफ नहीं है कुछ दिन पहले आधी रात को आरोपियों ने मृतक के परिवार का दरवाजा खुलवाने का प्रयास शुरू कर दिया हत्यारोपियों की मंशा क्या थी क्या वह फिर नए अपराध को अंजाम देना चाहते है आधी रात को दरवाजा खुलवाने के मामले को लेकर परिजन थाने पहुंचे लेकिन कोतवाल ने उनकी पीड़ा सुनने के बजाएं मृतक की चाची को गाली गलौज कर कोतवाली से भगा दिया मृतक का चचेरा भाई वीडियो बनाने लगा जिस पर कोतवाल ने उसे पीट दिया आखिर पुलिस को हत्यारों के कारनामे को सुनने में पीड़ा क्यों हो रही है यह बड़ी जांच का विषय है हत्यारों से सांठगांठ का आरोप कोतवाल पर मृतक के परिजनों ने लगाया है हत्या अपहरण के दो आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने में पुलिस की लचर व्यवस्था की अधिकारियों ने जांच कराई तो सराय अकिल पुलिस के कारनामे फिर उजागर होंगे।

संपादकीय

## सांबा में नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन की दिशाएं

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की हाल ही में की गयी जम्मू-कश्मीर यात्रा पर इसलिए देश की निगाहें थीं, क्योंकि अनुच्छेद 370 हटने के बाद वह पहली बार जम्मू-कश्मीर की धरती पर पहुंचे। उनकी इस यात्रा ने अनेक सकारात्मक संदेश दिये, शांति एवं विकास का माध्यम बना है। निश्चित ही उनकी यह यात्रा इस प्रांत में एक नई फिजां का सबब बनी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने किया है। निश्चित रूप से वहां एक नया दौर शुरू किया है। इसके लिये जम्मू में मोदी ने पंचायत दिवस के अवसर पर केवल देश भर के पंचायत अधिकारियों को ही संबोधित नहीं किया, बल्कि इस केंद्र शासित प्रदेश की विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के साथ कश्मीर एवं लद्दाख की जनता को भी यह संदेश दिया कि भारत सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, हमारा संकल्प होना चाहिए। इसी संकल्प को मोदी ने सांबा के अपने उद्बोधन में व्यक्त किया है। नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में किए गए कार्यों का विवरण देकर यह भी रेखांकित किया कि अब कैसे विकास एवं जनकल्याण के काम तेजी से हो रहे हैं? न केवल विकास योजनाएं आकार ले रही है, बल्कि वहां शांति एवं सौहार्द का वातावरण बना है, आतंकवादी घटनाओं पर भी नियंत्रण किया जा सका है। मोदी की सरकार आने के बाद से जम्मू-कश्मीर के विकास को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा सका है। सही समय पर केंद्र सरकार ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने के साथ शेष वांछित कार्यों को पूरा करने के लिए वैसी ही दृढ़ता दिखाई है जैसी अनुच्छेद 370 हटाते समय दिखाई थी और देश के साथ दुनिया को यह संदेश दिया था कि कश्मीर में किसी का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं, कश्मीर भारत का ताज है और हमेशा रहेगा। मोदी की कश्मीर यात्रा इसलिये महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि वहां के लोगों ने साम्प्रदायिकता, राष्ट्रीय-विखण्डन, आतंकवाद तथा घोटालों के जंगल में एक लम्बा सफर तय करने के बाद अमन-शांति एवं विकास को साकार होते हुए देखा है। उनकी मानसिकता घायल थी तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। इन स्थितियों के बीच मोदी ने वहां के लोगों का विशेषतकर युवाओं का इन शब्दों के साथ ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया कि आपके माता-पिता, दादा-दादी को जिन मुसीबतों का सामना करना पड़ा, उनका आपको कभी सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने साफ कहा कि वह अपने इस वचन को पूरा करके दिखाएंगे। आशा की जाती है कि उनकी इन बातों का सकारात्मक असर पड़ेगा। वैसे भी बीते कुछ समय में वहां अनेक ऐसे विकासमूलक काम हुए हैं, जो पहले नहीं हुए। विकास की योजनाएं तीव्रता से आकार ले रही है, इनमें विदेश से निवेश भी शामिल है। गौर करने लायक बात यह भी रही कि प्रधानमंत्री के साथ वहां गए प्रतिनिधिमंडल में मुस्लिम ब्लॉक के एक महत्वपूर्ण सदस्य देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के टॉप बिजनेस लीडर्स भी शामिल थे, जो जम्मू-कश्मीर में निवेश में खास रुचि ले रहे हैं।

## सरकार ने टी वी चैनल्स को दिखाया दर्पण

निर्मल रानी

यदि सरकार ऐसे समाज विभाजक लोगों को 'छुट्टे सांड' की तरह घूमने देती है और केवल 'गोदी मीडिया' वाले चैनल्स को 'ऐडवाइजरी जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझती है फिर तो यही सन्देश जायेगा कि 'ऐडवाइजरी' की यह कवायद मात्र दिखावा है वह भी या तो किसी दबाव में जारी की गयी है या दुनिया को दिखाने के लिये। फिर भी सकारात्मक सोच का तो यही तकाजा है कि सरकार ने टी वी चैनल्स को जो दर्पण दिखाया है इसके लिये यही कहा जा सकता है कि - 'देर आयद दुरुस्त आयद'

**भारत** सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गत दिनों टीवी चैनल्स के लिये एक चेतावनी रुपी ऐडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने इस ऐडवाइजरी के माध्यम से रूस व यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध तथा पिछले दिनों राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के बाद देश के मुख्य धारा के निजी टीवी चैनलों के प्रसारण के तरीकों व इनसे संबंधित कार्यक्रमों में अपनाई गयी आपत्तिजनक भाषा व शीर्षक आदि पर सख़्त एतराज जताते हुये कहा है कि 'कुछ चैनल इन घटनाओं के प्रसारण में सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का इस्तेमाल करते हुये इन्हें भ्रामक और सनसनीखेज तरीके से प्रसारित कर रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने झूठे दावे करने और अस्वीकार्य भाषा का प्रयोग करने वाले ऐसे टी वी चैनल्स को चेतावनी देते हुए कहा है कि ,यदि आवश्यक समझा जाएगा तो केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 में निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत इस प्रकार के चैनल्स अथवा ऐसे आपत्तिजनक कार्यक्रमों के प्रसारण को प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। टी वी चैनल्स को भेजी गयी अपने ऐडवाइजरी में सरकार ने विभिन्न चैनल्स द्वारा प्रसारित की गयी भोंडे,अनावश्यक तथा भड़काऊ व उकसाने वाले कई आपत्तिजनक शीर्षक का जिक्र भी किया। उदाहरण के तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के संबंध में 18 अप्रैल 2022 को एक टी वी चैनल ने 'यूक्रेन में एटमी हड़कंप' के शीर्षक से कार्यक्रम प्रसारित किया। इस रिपोर्ट में कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का हवाला गलत व अनावश्यक तरीके से दिया गया। इसी तरह एक चैनल ने लोगों को भयभीत करते हुये यह खबर प्रसारित कर डाली कि 'रूस ने यूक्रेन पर परमाणु हमले के लिए 24 घंटे की डेडलाइन दी है'। इसी तरह 'परमाणु पुतिन से परेशान जेलेंस्की','आधिकारिक रूसी मीडिया ने कहा है कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है।' आदि भ्रामक खबरें चलायीं गयीं। यहाँ तक कि एक चैनल द्वारा अपने झूठे दावों की पुष्टि करते हुये एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन को अपने साथ कथित रूप से एक न्यूक्लियर ब्रीफ केस लेकर चलते हुये दिखा दिया। इसी प्रकार के अनेक सनसनीखेज शीर्षक जैसे 'न्यूक्लियर निशाना, हैरतअंगेज खुलासा वर्ल्ड वॉर




का।' 'यूक्रेन से पुतिन का परमाणु प्लान तैयार?', 'एटम बम गिरेगा? तीसरा विश्व युद्ध शुरू होगा' 'ये रात कयामत वाली है', 'रूस परमाणु हमला कब करेगा,कहां करेगा?' तथा 'विश्व युद्ध के मुहाने पर दुनिया' जैसे सनसनीखेज शीर्षक लगाने व ऐसे शीर्षक पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित करने का भी जिक्र ऐडवाइजरी में किया गया है । इसी तरह सरकार ने दिल्ली जहांगीरपुरी हिंसा की रिपोर्टिंग के उकसाऊ व आपत्तिजनक तरीकों व इनसे संबंधित भड़काऊ शीर्षक व कार्यक्रमों का भी उल्लेख किया। जैसे 'दिल्ली में अमन के दुश्मन कौन', 'बड़ी साजिश दंगे वाली, करौली, खरगौन वाया दिल्ली', 'हिंसा से एक रात पहले साजिश का वीडियो' ह्यअली श्२ बली, कहां कहां खलबली?ह्व और 'अली, बजरंगबली पर खलबली' तथा एक टी वी चैनल द्वारा प्रसारित 'हुंकार' शीर्षक के कार्यक्रम में प्रयुक्त आपत्तिजनक भाषा के प्रयोग का जिक्र करते हुये सभी टी वी चैनल्स को नियमों के अंतर्गत ही कार्यक्रम प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार चैनल्स ने समाचारों में असंसदीय, भड़काऊ और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भाषा का प्रयोग किया तथा सांप्रदायिक टिप्पणियों और अपमानजनक संदर्भों वाली बहसें प्रसारित कीं, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल सकती हैं और सांप्रदायिक वैमनस्य को भी भड़का सकती हैं। इससे बड़े पैमाने पर शांति भंग हो सकती है। सरकार द्वारा टी वी चैनल्स के लिये जारी यह दिशा निर्देश निःसंदेह सराहनीय हैं। यह काम तो सरकार को बहुत पहले ही कर लेना चाहिए था। क्योंकि देश के अनेक टी वी चैनल्स यहाँ तक की देश में सबसे अधिक टी आर पी बटोरने वाले टी वी चैनल्स तो कई वर्षों से इस तरह के सामाजिक विष रोपण का काम करते आ रहे हैं। इनमें कई चैनल्स के स्वामी तो सत्तारूढ़ दल के सांसद व सत्ता के करीबी उद्योगपति हैं। विगत लगभग एक दशक से इन्होंने भारतीय समाज को अपने ऐसे ही भोंडे कार्यक्रमों,शीर्षकों व अति आपत्तिजनक शब्दावलियों से विभाजित करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण में लात-जूते,धक्का मुक्की,गली गलोच,नागिन डांस, शस्त्र प्रदर्शन, अपने पूर्वाग्रह के चलते शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिये अपमानजनक भाषा का प्रयोग,रिश्वतखोरी के इलजाम में तथाकथित 'प्रसिद्ध ' ऐंकर का तिहाड़ जेल जाना,टी आर पी बढ़ाने लिये लोगों में पैसे बांटना जैसी तमाम शर्मनाक परिस्थितियों का सामना अनेक भारतीय निजी टी वी चैनल्स करते आ रहे हैं। चीख चिल्लाकर खबरें पढ़ना व कार्यक्रम प्रस्तुत करना तो गोया इनका चलन बन चुका है। ऐसे चैनल्स की इस तरह की गैर जिम्मेदाराना कारगुजारियों की चर्चा पूरे विश्व में होने लगी है। टी वी चैनल्स की इसी दुर्दशा ने ही तो भारतीय मीडिया को 'गोदी मीडिया ' की उपाधि से नवाजा है? अति गंभीर संस्थान यहाँ तक कि भारतीय लोकतंत्र में चौथे स्तंभ के रूप में अपनी पहचान रखने का दावा करने वाले भारतीय मीडिया का कभी इतना पतन हो जायेगा यह कभी सोचा भी नहीं गया था।

इसी सन्दर्भ में सरकार को एक दिशानिर्देश उन नेताओं व धगुरूओं के लिये भी सख़्त लहजे में जारी करने चाहिये जो इसतरह के भड़काऊ 'गोदी मीडिया' को अपने नफरती व जहरीले बयानों से उकसाऊ सामग्री उपलब्ध कराते हैं। जो सरकार टी वी चैनल्स के दिन प्रतिदिन के शीर्षक व भड़काऊ शब्दावली पर नजर रखती है वह यह भी बखूबी जानती है कि देश में किसी धर्म के विरुद्ध नारे लगाने वाले दूसरे धर्म के लोग कौन हैं? गाँधी को गाली देने वाले,हत्यारों व बलात्कारियों तथा दंगाइयों का महिमामंडन करने वाले कौन हैं। देश में सशस्त्र संघर्ष छेड़ने और धर्म विशेष के घरों पर बुलडोजर चलाने की बातें करने वालों को भी सरकार बखूबी जानती है। सरकार की जनसँख्या नियंत्रण नीति के विरुद्ध केवल सांप्रदायिक विद्वेष वश चार बच्चे पैदा करने का आह्वान करने वाले कौन हैं ? अपने घरों में शस्त्र,तीर कमान और बोतलें आदि रखने का आह्वान करने वाले 'माननीयों ' को भी सरकार भली भांति जानती है। सरकार को ऐसे लोगों के विरुद्ध भी केवल 'ऐडवाइजरी ' मात्र जारी करने की नहीं बल्कि सख़्त कार्रवाई करते हुये इन्हें जेल में ठूसने की जरुरत है।

यदि सरकार ऐसे समाज विभाजक लोगों को 'छुट्टे सांड' की तरह घूमने देती है और केवल 'गोदी मीडिया' वाले चैनल्स को 'ऐडवाइजरी जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझती है फिर तो यही सन्देश जायेगा कि 'ऐडवाइजरी' की यह कवायद मात्र दिखावा है वह भी या तो किसी दबाव में जारी की गयी है या दुनिया को दिखाने के लिये। फिर भी सकारात्मक सोच का तो यही तकाजा है कि सरकार ने टी वी चैनल्स को जो दर्पण दिखाया है इसके लिये यही कहा जा सकता है कि -'देर आयद दुरुस्त आयद' ।

## वैश्विक प्राकृतिक और मानसिक असंतुलन का नतीजा

संजीव ठाकुर

करोना कभी न नष्ट होने वाला वाला ऐसा जानलेवा संक्रमण है जिसके महीनों तथा वर्ष के अंतराल में लौट लौट कर मानव शरीर में आने की संभावना सदैव बनी रहती है । वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि करोना संक्रमण के वैरीअंट को समूचा खत्म नहीं किया जा सकता उसकी केवल प्रीवेंटिव मेडिसिन या वैक्सीन ही ली जा सकती है। करोना से दूर रहने के लिए केवल और केवल सावधानी और चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा दी गई गाइडलाइंस का ही पालन करना होगा, अन्यथा करोना जानलेवा तो है ही। क्या आपको नहीं लगता एक दूसरे के संक्रमण से फैलने वाला भयानक करोना सिर्फ प्राकृतिक विपदा एवं प्राकृतिक असंतुलन का नतीजा है, बल्कि कुछ मांस भक्षी लोगों मानसिक असंतुलन का भी भयानक परिणति है। प्रकृति ने हमें पहले से ही सचेत करके रखा था, पहले सुनामी, बाढ़, सूखा और भूस्खलन के परिणामों से हमें आगाह किया था और न जाने इन भयानक विपदाओं से कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। हर वर्ष सुनामी,भूस्खलन,बाढ़ से मरने वालों की संख्या हजारों में होती रही है, पर कुछ देशों के नागरिकों के मानसिक संतुलन का क्या कहें, जिन्हें सब्जी,भाजी,दूध,फल, सूखे मेवे को छोड़कर कुत्ता, बिल्ली,सांप, चमगादड़, सूअर खाने की न जाने क्यों इच्छा बलवती हुई है,और उन्होंने इसका रोजमर्रा की जिंदगी में सेवन करना शुरू कर दिया,चीन सहित विश्व में कई ऐसे देश है जो हर जंतु के मांस का खाने में रोज इस्तेमाल कर नई-नई बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। चीन के द्वारा चमगादड़, सांप, केकड़े और ना जाने कितने जीव जंतुओं का मांस अपने आहार के रूप में इस्तेमाल करते हैं, और इसी की परिणति हुई है कि चमगादड़ में नाना प्रकार के प्रयोग कर करोना वायरस जैसे भयानक संक्रमण वाली बीमारी की उत्पत्ति कर दी और यही करोना वायरस ने पूरे विश्व में मौत का तांडव मचा कर लाखों लोगों की मृत्यु का कारण भी बना है। यह मानवीय मानसिक आसंतुलन तथा दिवालियापन का एक भयानक परिणाम है। जिसकी एकदम सही और सटीक इलाज खोजने में चिकित्सकों को वैज्ञानिकों को सिर से पैर तक पसीना छूट गया है। फिर भी इस कोविड-19 के वायरस का 100% इलाज नहीं खोज पाए हैं। पृथ्वी में बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं जल, वायु, मृदा तत्व, पेड़, झरने,समुद्र, तालाब,नदियां इन सब का सकारात्मक इस्तेमाल कर मानव धरती को समृद्ध तथा मालामाल करता आया है, एवं अपने जीवन यापन हेतु सुचारू रूप से सब्जियां, फल, आयुर्वेदिक दवाएं और न जाने कितने मृदा तत्व जिनमें हीरे,मोती, जवाहर, लोहा, पीतल, तांबा, सोना, चांदी आदि निकालकर जीवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु सफल हुआ है। पर कुछ लोगों ने दिमागी असंतुलन के चलते मूक जानवरों का वध करके उसे भोजन की वस्तु बनाकर प्राकृतिक असंतुलन बढ़ाने का जोखिम उठाया, इसी तरह पेड़, जल, मिट्टी, वायु का संरक्षण न करके उसने अप्राकृतिक वस्तुओं का इस्तेमाल करके विश्व का तापमान बढ़ाकर मानव जाति के लिए अनेक खतरे एवं मुसीबतें पैदा कर ली है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषण हमारी आधुनिक जीवन शैली के कारण बुरी तरह से शहरों में फैला हुआ है।पर्यावरण प्रदूषण तथा तापमान असंतुलन भी वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की मौत का कारण बना। प्रकृति के इस भयानक असंतुलन के कारण हर शहर हर देश में लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं, पर मानसिक असंतुलन के कारण न सिर्फ मानव शरीर नष्ट हो रहा है, बल्कि लाखों निरीह जानवर, जीव,जंतु भी मौत के घाट उतार दिए गए। चीन और विश्व के आदिवासी बाहुल्य देश के लोग सांप बिच्छू, चमगादड़ एवं अन्य जीव-जंतुओं का शिकार कर अपने मानसिक असंतुलन का परिचय देकर अपने पेट के दावानल को शांत कर रहे हैं। ऐसा सामान्य मनुष्य सोच भी नहीं सकता। ऐसे में प्रकृति भी इस प्राकृतिक असंतुलन तथा मानसिक दिवालियापन को आत्मसात ना कर-के प्रक्रियागत नाना प्रकार की बीमारियों तथा मृत्यु के अनेक कारणों को जन्म दे रही है। बहुत महत्वपूर्ण बात यह है की वैश्विक स्तर पर करोना ने अलग-अलग देशों में लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

और इस महामारी के जनक चीन पर कोई क्रिया प्रतिक्रिया या व्यापारिक सामाजिक नागरिक रोक तथा प्रतिबंध लगाने पर किसी भी देश में संगठित होकर विचार नहीं किया। चीन द्वारा यह एक तरह का केमिकल अस्त्र इस्तेमाल कर अपनी मानव विरोधी मानसिक स्थिति को उजागर किया है।

अभिव्यक्ति

## मोटे नहीं, पौष्टिक हैं ये अनाज

कुलभूषण उपमन्यु

**हमारे** देश में अनाजों की विविधता की संस्कृति रही है। चावल, गेहूं के अतिरिक्त ज्वार, बाजरा, कोदरा (रागी), कंगनी, चीणा, स्वांक ( झंगोरा) आदि कई अनाज उगाये जाते थे और उनके पोषक तत्वों के ज्ञान के आधार पर उनका मौसम या तासीर के हिसाब से भोजन में उपयोग किया जाता रहा है। दुर्भाग्य से हरित क्रांति के दौर में न जाने कहां से यह भ्रमपूर्ण विचार फैल गया कि गेहूं-चावल ही उत्कृष्ट अन्न हैं और बाकी को मोटा अनाज कहकर हीन दृष्टि से देखा जाने लगा। कुछ लोग तो अज्ञानवश यह सोचने लग पड़े कि मोटा अन्न गरीबों का भोजन हैं। अतः इन अनाजों की न केवल अनदेखी हुई बल्कि इन्हें हिकारत की दृष्टि से देखा जाने लगा। किन्तु एक जानकार वर्ग इनके संरक्षण और गुणवत्ता के ज्ञान का रक्षक बना रहा और आज फिर से इन अनाजों के प्रति चेतना फैलना शुरू हुई है। इन अनाजों को रासायनिक खादों और दवाइयों की भी जरूरत नहीं पड़ती क्योंकि इनमें कीड़ा नहीं लगता और ये कम उपजाऊ जमीन में भी बढ़िया पैदावार देते हैं। यह पौष्टिक भोजन और और चारा भी देते हैं। यदि इनके मुकाबले में गेहूं और चावल के पोषक तत्वों को देखें तो इनमें 4-5 गुणा ज्यादा पौष्टिक पाए जाते हैं। प्रति सौ ग्राम कोदरा-रागी में धातुः कोदरा- 2.7 ग्राम, कंगनी- 3.3 ग्राम, स्वांक-झंगोरा-4.4 ग्राम, चावल- 0.7 ग्राम, गेहूं- 1.5 ग्राम। आयरनः कोदरा- 3.9 मिली ग्राम, कंगनी- 2.8 मिली ग्राम, झंगोरा- 15.2 मिली ग्राम, गेहूं- 5.3 मिली ग्राम, चावल- 0.7 मिली ग्राम, कैल्शियमः कोदरा और रागी-344 मिली ग्राम, कंगनी- 31 मिली ग्राम, झंगोरा-11 मिली ग्राम, गेहूं-10 मिली ग्राम, चावल- 41 मिली ग्राम, रामदाना-159 मिली ग्राम, फाइबरः कोदरा- 3.6 ग्राम, कंगनी- 8 ग्राम, स्वांक और झंगोरा-10.1 ग्राम, गेहूं- 1.2 ग्राम, चावल- 0.2 ग्राम, जौ- 15.6 ग्राम। इससे साफ है कि जरूरी पौष्टिक तत्वों के मामले में इन अनाजों की अनदेखी करके हम अपने ही स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमें इन पौष्टिक तत्वों की कमी होने की सूरत में बनावटी दवाइयों के रूप में इन पौष्टिक तत्वों को डॉक्टर के कहने पर खाना पड़ता है। गेहूं और चावल की खेती में तो रासायनिक दवाइयों की भरमार हो रही है। ये मोटे अनाज तो बिना दवाइयों और रासायनिक खादों के ही हो जाते हैं। रासायनिक जहर मानव शरीर के लिए खतरनाक है। रासायनिक खेती की वजह से पंजाब की बठिंडा पट्टी तो कैंसर पट्टी के नाम से मशहूर हो गई है। इस क्षेत्र में हर घर में कोई न कोई कैंसर रोग से पीड़ित मिल जाएगा। खेती विरासत मिशन जैसी संस्थाएं इन क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती को वैज्ञानिक तरीके से करने का प्रचार कर रही हैं। उन्हें समाज से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हम जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ इसमें वर्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। इसका सामना करना भी पड़ रहा है। यह क्रम बढ़ता जाएगा। इससे खेती के लिए पानी का संकट भी बढ़ता जाएगा, क्योंकि बारिशों के दिन कम हो जाएंगे और बौछार बढ़ जाएगी। भारत में पहले ही 80 प्रतिशत बारिश मनसून के तीन महीनों में ही हो जाती है। शेष वर्ष पानी की कमी बनी रहती है। इसके चलते अन्तर्राज्यीय टकराव और अंतर व्यावसायिक टकराव भी बढ़ते जाएंगे। उद्योगों और घरेलू प्रयोग के लिए भी पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। खेती में हम जिन फसलों को अपना रहे हैं वे सब ज्यादा पानी की मांग करती हैं। जबकि ये पौष्टिक मोटे अनाज थोड़े पानी में भी अच्छी फसल दे जाते हैं। गन्ने को इन पौष्टिक अनाजों के मुकाबले पांच गुणा, और धान को तीन गुणा पानी चाहिए। जैसे वर्ष में कुछ महीने ही हमारे देश में पानी की बहुतायत होती है, वैसे ही क्षेत्रवार भी हमें काफी असमानता झेलनी पड़ती है। सतही जल के 71 प्रतिशत जल संसाधन 36 प्रतिशत क्षेत्र को ही उपलब्ध हैं और 64 प्रतिशत क्षेत्र 29 प्रतिशत साधनों पर निर्भर है। देश में 56.7 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा आधारित खेती पर निर्भर है। इसलिए बहुत तेज गति से भूजल दोहन बढ़ा है। भारतवर्ष दुनिया का सबसे बड़ा भू-जल उपयोगकर्ता बन गया है। 75.80 प्रतिशत सिंचाई भूजल से हो रही है। इससे भूजल स्तर भी तेजी से घट रहा है।

## फ्रांस में फिर मैक्रों: भारत के साथ आर्थिक और राजनीतिक समीकरण

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

फ्रांस में इमेनुएल मैक्रों फिर से राष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। 20 वर्ष में यह दूसरा मौका है, जब कोई नेता लगातार दूसरी बार फ्रांस का राष्ट्रपति बना है। मैक्रों दूसरी बार भी जीत गए लेकिन दो तथ्य ध्यान देने लायक हैं। पहला, 2017 के पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में मैक्रों को वोट कम मिले। पिछले चुनाव में उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी मरीन ल पेन से लगभग दोगुने वोट मिले थे लेकिन इस बार यह फासला काफी कम हो गया। मैक्रों को 58.5 प्रतिशत तो ल पेन को 41.5 प्रतिशत वोट मिले। चुनाव के दौरान अफवाहें तो यह भी थीं कि ल पेन मैक्रों को हरा सकती थीं। ल पेन एक ऐसी फ्रांसीसी महिला नेता हैं, जो धुर दक्षिणपंथी हैं। जबकि मैक्रों वामपंथी नहीं हैं। वे मध्यममार्गी हैं।



फ्रांस के इस चुनाव ने लोगों का दम फुला रखा था। यदि ल पेन जीत जातीं तो लोगों को डर था कि वे यूक्रेन के मामले में रूस का समर्थन कर देतीं, क्योंकि व्लादिमीर पुतिन से उनके संबंध काफी अच्छे हैं। वे उग्र राष्ट्रवादी हैं। इसलिए शंका यह भी थी कि जैसे ब्रिटेन यूरोपीय संघ से बाहर निकल आया, ल पेन फ्रांस को भी यूरोपियन संघ और शायद नाटो से भी बाहर निकालने की कोशिश करें। मैक्रों के वोट कम हो गए और ल पेन जीत नहीं पाईं, इसका एक कारण यह भी रहा कि 28 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान में भाग ही नहीं लिया। इस बीच फ्रांस में बेरोजगारी और महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी थी। मैक्रों ने पिछले चुनाव में बढ़-चढ़कर जो दावे किए थे, उन्हें वे जमीन पर नहीं उतार सके। मैक्रों ने अपनी जीत के बाद जो बयान दिया, वह फ्रांस की राजनीति का प्रामाणिक आईना है। उन्होंने कहा है कि उनकी समस्त कमजोरियों के बावजूद फ्रांस की जनता ने उन्हें इसीलिए जिताया है कि वह फ्रांस को दक्षिणपंथी उग्रवादियों के हवाले नहीं करना चाहती। जून में होने वाले संसदीय चुनाव में भी मैक्रों की जीत की संभावना काफी अच्छी है। मैक्रों की उम्र इस समय सिर्फ 44 साल है। वे राजनीति में आने के पहले बैंकर थे। उम्मीद है कि वे अगले पांच साल में फ्रांस की आर्थिक स्थिति में कई सुधार ले आएंगे। उन्होंने इस्लामी उग्रवादियों को काबू करने के लिए कई प्रतिबंध लगाए हैं लेकिन वे ल पेन की तरह इस्लाम-द्रोह से ग्रस्त नहीं हैं। विदेश नीति के मामले में भी उन्होंने न तो अमेरिका विरोधी मोर्चा खोला है और न ही वे रूस से दुश्मनी गांठने का दावा करते हैं। उन्होंने यूक्रेन-युद्ध के दौरान पुतिन और जेलेंस्की दोनों से संवाद कायम किया था। भारत से भी पिछले पांच वर्षों में फ्रांस के आर्थिक और सामरिक संबंध घनिष्ट हुए हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यद्यपि फ्रांस चौगुटे का सदस्य नहीं है लेकिन भारत और उसकी नीतियों में काफी समानता है। यूरोपीय संघ के साथ भारत के जो ताजा आर्थिक और राजनीतिक समीकरण बने हैं, उनमें भी फ्रांस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि फ्रांस यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा और शक्तिशाली राष्ट्र है। भारतीय प्रधानमंत्री की अगले सप्ताह होने वाली यूरोप यात्रा के दौरान भारत-फ्रांस संबंधों की घनिष्टता पर अब फिर से मुहर लगेगी।

## रैली एक, फसाने अनेक

डॉ. सुरेश कुमार

**कहते** हैं किसी से काम लेना हो तो पहले उसका मूड देख लेना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया के मार्केट में केवल शेयर ही नहीं सूरतें भी लुढ़कते हैं। हमारे मित्र बदनसीबलाल का मूड़ आज बहुत अच्छा है। जैसे ही मैं उनके यहाँ गया मुझे नाश्ता-वाश्ता करवाया और अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोले - आज सुबह तुमने जंतर-मंतर की रैली वाली बात कर के मेरा दिल जीत लिया। आज मेरी सभी मुरादें पूरी होंगी। मैंने कहा अरे यार! तुम आदमी हो कि पैजामा? आज सूरज कहाँ से निकला है? मैं इससे पहले जब कभी रैलियों के बारे में कुछ कहता तुम भड़क उठते। भाषण देना शुरू कर देते कि यह रैली-वैली सब बेकार है। बड़े लोगों के टाइमपास करने का शगल और अपच को पचाने का बहाना है। और आज तुम्हीं रैलियों का नाम सुनकर विजयी स्वतंत्र उम्मीदवार की तरह नाच रहे हो। तबीयत तो ठीक है न? कहूँ तो डॉक्टर को बुला दूँ। बदनसीबलाल अपनी उफान मारती खुशी से चहक उठे और कहने लगे झ तुम्हें क्या पता रैलियों का सुख। इसके लिए भोगी बनना पड़ता है। वह भी सताने वाले लोगों का। रैली में अभिनेता या क्रिकेटर आते तो मैं नहीं जाता। आज जो आ रहे हैं उनसे मेरा गहरा नाता है। मेरी दुखती रग का वे ही इलाज हैं। वहाँ आने वालों को बखूबी पता है कि जंतर-मंतर कोई जलियांवाला बाग तो है नहीं कि उन्हें जनरल डायर भून देंगे। वे तो ऐसे हैं जो जनरल डायरों जैसे लोगों को अपनी बगल में दबाए घूमते हैं। अच्छा हुआ जनरल डायर अब नहीं रहा, अगर वह होता तो आज उसका जलियाँवाला बाग हो जाता। जो भी हो आज मैं इस रैली में उन लोगों से मिलूँगा जिनसे मुझे मिलने की एक अरसे से इच्छा थी। पता भी है यहाँ जनहित के बारे में बात करने वाले कैसे-कैसे लोग आने वाले हैं? सुनकर दंग रह जाओगे। रैली के मंच पर जितनी बड़ी मुंडी दिखायी देती है वह उतना ही बड़ा घपलेबाज होता है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान Elvera Britto का निधन

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एल्वेरा ब्रिटो का यहां बढ़ती उम्र से जुड़ी समस्याओं के कारण निधन हो गया। वह 81 बरस की थी। तीन लोकप्रिय ब्रिटो बहनों (रीता और मेइ दो अन्य बहनें) में सबसे बड़ी एल्वेरा का 1960 से 1967 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में दबदबा रहा और उनकी मौजूदगी वाली कर्नाटक की टीम ने इस दौरान 7 राष्ट्रीय खिताब जीते। एल्वेरा ने आस्ट्रेलिया, श्रीलंका और जापान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व किया। अल्वेरा 1965 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने वाली सिर्फ दूसरी महिला हॉकी खिलाड़ी बनी थी। उनसे पहले एने लुम्सडेन (1961) को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था। एल्वेरा ने भी अपनी बहनों की



तरह शादी नहीं की। हॉकी इंडिया ने एल्वेरा के निधन पर शोक जताया है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोमबम ने बयान में कहा- एल्वेरा ब्रिटो के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। वह अपने समय की खिलाडियों से आगे थी और महिला हॉकी में उन्होंने इतना कुछ हासिल किया तथा राज्य में प्रशासक के रूप में खेल की सेवा करना जारी रखा। उन्होंने कहा कि हॉकी इंडिया और पूरे हॉकी समुदाय की ओर से हम उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

## विंबलडन में खेल सकते हैं जोकोविच, टीकाकरण की जरूरत नहीं

**लंदन।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को कोविड-19 का टीका नहीं लगाने के बावजूद विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करने का मौका दिया जाएगा क्योंकि ब्रिटेन में प्रवेश करने के लिए टीकाकरण आवश्यक नहीं है। ऑल इंग्लैंड क्लब के मुख्य कार्यकारी सैली बोल्टन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सर्बिया के रहने वाले 34 वर्षीय जोकोविच को टीकाकरण नहीं करने के कारण इस साल जनवरी में आस्ट्रेलिया से बाहर कर दिया गया था और वह आस्ट्रेलियाई ओपन में भाग नहीं ले पाये थे। विंबडलन 27 जून से शुरू होगा।



जोकोविच आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाये थे तथा 11 दिन तक चले कानूनी घटनाक्रम के बाद उन्हें देश छोडना पड़ा था। वह इसके बाद वह इंडियन वेल्स और मियामी जैसे टूर्नामेंट में भी नहीं खेल पाये थे क्योंकि किसी भी ऐसे विदेशी नागरिक को अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं है जिसने टीकाकरण नहीं करवाया हो। अमेरिकी टेनिस संघ ने कहा कि वह अगस्त के आखिर में शुरू होने वाले यूएस ओपन के लिये कोविड-19 टीकाकरण से जुड़े सरकारी नियमों का पालन करेगा।

## चर्चिल ब्रदर्स ने राजस्थान यूनाइटेड को 2-1 से हराकर लगातार 5वीं जीत दर्ज की

**नैहाटी (पश्चिम बंगाल)।** चर्चिल ब्रदर्स ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे चरण के मैच में मंगलवार को यहां राजस्थान यूनाइटेड को 2-1 से हराकर लगातार पांचवें मैच में जीत दर्ज की। मैच के आखिरी समय में चर्चिल की टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी लेकिन उसने राजस्थान को बराबरी करने का मौका नहीं दिया और पूरे तीन अंक हासिल किए।



कॉमरन टुरसुनोव ने मैच के 23वें मिनट में चर्चिल के लिए खाता खोला जबकि मध्यांतर के ठीक पहले तारीफ अखंड के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गई। निंगथौजम प्रीतम सिंह ने 68वें मिनट में राजस्थान के लिए गोल कर स्कोर को 1-2 कर दिया। राजस्थान की टीम ने इसके बाद कई मौके बनाए लेकिन उसके खिलाड़ी खराब फिनिशिंग के कारण उसे गोल में नहीं बदल सके। चर्चिल के क्रान गोम्स को स्टॉपेज समय (90+3 मिनट) में लाल कार्ड मिलने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। राजस्थान की टीम इसके बाद सात मिनट के खेल में इसका फायदा नहीं उठा सकी।

# कुलदीप सेन के आगे सरेंडर बेंगलुरु के धुरंधर, राजस्थान ने 29 रन से जीता मैच

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2022 का 39वां मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रियान पराग के अर्धशतक के बदौलत बेंगलुरु के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने आई बेंगलुरु की टीम से कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं खड़ा पाया और 19.3 ओवर्स में 115 ऑलआउट हो गई। राजस्थान ने इस मैच को 29 रन से जीत लिया।

**राजस्थान रॉयल्स (पहली पारी)**

पहले बल्लेबाजी के लिए आई राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पडिक्कल के रूप में टीम को पहला झटका लगा। पडिक्कल को सिराज ने 7 रन पर आउट किया। राजस्थान रायल्स को दूसरा झटका अश्विन के रूप में लगा। सिराज ने अश्विन को अपनी ही गेंद पर कैच आउट करके पवेलियन भेजा। अश्विन 9 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट। शानदार फॉर्म में चल रहे जोस बटलर को जोश हेजलवुड ने 8 रन पर आउट कर बेंगलुरु की टीम को बड़ी सफलता दिलाई।

ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को 27 रन पर आउट करके टीम को चौथी सफलता दिलाई। सैमसन ने 21 गेंदों पर 3 छक्के और एक चौके की मदद से 27



रन बनाए। जोश हेजलवुड ने डेरिल मिचेल को 16 रन पर आउट करके राजस्थान रॉयल्स को 5वां झटका दिया। मिचेल 16 रन बनाकर आउट हुए।

हसरंगा ने शिमरॉन हेटमायर को अपना शिकार बनाया और 3 रन पर आउट कर चलता किया।

हर्षल पटेल ने ट्रेंट बोल्ट को आउट करके टीम को 7वीं सफलता दिलाई। बोल्ट 5 रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा के रूप में राजस्थान रॉयल्स का 8वां विकेट गिरा। कृष्णा 2 रन बनाकर रन आउट हुए। रियान पराग 31 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्के लगाकर नाबाद 56 रन बनाए।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (दूसरी पारी)**

लक्ष्य का पीछा करने आई बेंगलुरु टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और विराट कोहली 9 रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा ने विराट को अपना शिकार बनाया। कुलदीप सेन ने कप्तान फाफ डुप्लेसिस को आउट करके टीम को दूसरी बड़ी सफलता दिलाई। डुप्लेसिस 21 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। अगली ही गेंद पर कुलदीप ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर आउट करके राजस्थान टीम को तीसरी सफलता दिलाई। अश्विन ने रजत पाटीदार को 16 रन पर आउट करके अपना 150वां आईपीएल विकेट हासिल किया। वह 16 गेंदों पर 16 रन बनाकर आउट हुए। सुयश प्रभुदेसाई अश्विन का अगला शिकार बने। अश्विन ने उन्हें 2 रन पर आउट किया।

दिनेश कार्तिक को छह रन पर रन आऊट करने के बाद अश्विन ने सबसे जरूरी शहबाज अहमद की विकेट निकाली। शहबाज ने 27 गेंदों पर 17 रन बनाए। कुलदीप सेन ने हसरंगा को आऊट कर अपना तीसरा विकेट चटकाया।

## अश्विन के टी20 में 271 विकेट पूरे, भारतीय गेंदबाजों में बने नंबर वन

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर आर. अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि कर ली है। अश्विन ने बेंगलुरु के बल्लेबाज रजत पाटीदार का विकेट चटकाते ही आईपीएल में अपने 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह आईपीएल में ऐसा करने वाले 8 गेंदबाज हैं और छठे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले आईपीएल में 5 भारतीय गेंदबाजों ने 150 विकेट लिए हैं।

वहीं अश्विन टी20 क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन के नाम अब टी20 क्रिकेट में 271 विकेट हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने लेग स्पिनर पीयूष चावला और युजवेंद्र चहल को पीछे छोड़ा है। पीयूष चावला ने भारत के लिए टी20 क्रिकेट में 270 विकेट लिए हैं तो वह चहल ने 265 विकेट अपने नाम किए हैं।

**इन टीमों के खिलाफ अश्विन ने लिए हैं विकेट**

08: चेन्नई सुपर किंग्स
04 : डेक्कन चार्जर्स
22: दिल्ली कैपिटल्स



00 : गुजरात लायंस
00 : गुजरात टाइटंस
03 : कोच्चि टस्कर्स केरला
24 : कोलकाता नाईट राईडर्स
00 : लखनऊ सुपर जायंट्स
23 : मुंबई इंडियंस
04 : पुणे वॉरियर्स इंडिया
18: पंजाब किंग्स
17 : राजस्थान रॉयल्स
20 : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
17 : सनराईजर्स हैदराबाद

बेंगलुरु के खिलाफ अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की। अश्विन ने बेंगलुरु के खिलाफ 4 ओवर के स्पैल में 4.2 की इकोनमी से 17 रन दिए और 3 अहम विकेट चटकाए। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत ही राजस्थान रॉयल्स बेंगलुरु को 115 रन पर ऑलआउट करने में कामयाब हो पाई और 29 रन से मैच जीत लिया।

## हम 36-37 ओवर अच्छा खेल दिखाते हैं लेकिन दो-तीन ओवरों में ढिलाई बरत देते हैं : पोंटिंग

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना ??है कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान फिर से पटरी पर लाने के लिए थोड़ी लय की जरूरत है क्योंकि उनकी टीम इतनी अच्छी है कि नतीजे उसके अनुकूल आएंगे। दिल्ली की टीम इस सत्र के पहले सात मैचों में तीन जीत और चार हार के बाद अभी अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

पोंटिंग ने सत्र के पहले चरण के बारे में कहा, 'मैंने इस साल पहले भी ऐसा कहा था कि 36 या 37 ओवर हम अच्छा खेल दिखाते हैं लेकिन केवल दो या तीन ओवरों में ढिलाई बरत देते हैं।' उन्होंने कहा, 'यही समस्या



मैच में अंतर पैदा कर रही है। हम न केवल सत्र के पहले चरण के परिणामों को बदलने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं बल्कि आगे बढ़ने के राह बनाने की कोशिश में भी लगे हैं। हमारा सफर अब तक कभी जीत, कभी हार और फिर जीत रहा है। लिहाजा, हमें थोड़ी सी लय हासिल करने की जरूरत है।' पोंटिंग ने कहा कि खिलाड़ियों को दूसरे चरण में सहज होकर खेलना होगा क्योंकि उनकी टीम अच्छी है और वह अनुकूल परिणाम हासिल कर सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं जानता हूं कि हम चीजों का रुख मोड़ने के बहुत करीब हैं। हम सभी को भरोसा करना है, हमें विश्वास करना है, हमें उत्साहित रहना है और सकारात्मक बने रहना है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे, तो निश्चित रूप से हमारे लिये चीजें बदल जाएंगी।'पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच से पहले कहा, 'हम यहां से जितने कड़े प्रयास करेंगे, उतना ही आगे बढ़ेंगे।

## अपने परिवार संग पर धूम मचा रहे चेतेश्वर पुजारा, शेयर की तस्वीरें

**लेगोलैंड।** भारत के मशहूर क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा इन दिनों इंग्लैंड में हैं। पुजारा इंग्लैंड में ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। इस दौरान वह इंग्लैंड के बर्कशायर के लेगोलैंड थीम पार्क में पत्नी और बेटी के साथ धमाल मचाते नजर आए। इसकी जानकारी उन्होंने खुद स्वदेशी सोशल मीडिया मंच कू ऐप के माध्यम से दी है। उन्होंने पत्नी पूजा और बेटी अदिति के साथ कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा कि लेगोलैंड में परिवार के साथ एक अच्छा दिन बिताया। भारतीय टेस्ट टीम की दीवार कहे जाने



वाले पुजारा लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। लेकिन अब उनकी फॉर्म में वापसी हो चुकी है और काउंटी क्रिकेट में इन दिनों पुजारा जमकर रन बना रहे हैं। उनका प्रदर्शन एक बार फिर फैंस के चेहरे पर खुशी का कारण बन गया है। काउंटी क्रिकेट में बैक टू बैक दो शतक जड़कर उन्होंने टीम इंडिया में वापसी के रास्ते फिर से बना लिए हैं। भारतीय टीम से बाहर होने और आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहने वाले बल्लेबाज पुजारा ने अपने खाली समय का उपयोग करते हुए काउंटी क्रिकेट का रुख किया। हाल ही में वोस्टरशायर के खिलाफ चेतेश्वर पुजारा ने अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में करियर का 52वां शतक ठोका। ससेक्स के लिए इस सीजन में उन्होंने शुरुआती दो मैचों में दो बेहतरीन पारियां खेलते हुए लंबे समय से बड़ी पारी ना खेलने के सूखे को खत्म कर दिया है। पहले मैच में डर्बीशायर के खिलाफ उन्होंने दोहरा शतक लगाकर अपनी टीम के लिए मैच बचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## यह एक शानदार जीत, इसका खिलाड़ी को जाता है पूरा श्रेय : संजू सैमसन

**पुणे।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में 29 रन से जीत का श्रेय रियान पराग को देते हुए मंगलवार को यहां कहा कि टीम की जिस तरह से शुरुआत रही थी उसे देखकर यह शानदार जीत है। राजस्थान ने खराब शुरुआत से उबरकर रियान पराग की नाबाद 56 रन की मदद से आठ विकेट पर 144 रन बनाये और इसके बाद आरसीबी को 19.3 ओवर में 115 रन पर आउट कर दिया। तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने 20 रन देकर चार और अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। सैमसन ने मैच के बाद कहा कि शुरुआत को देखते हुए यह वास्तव में शानदार जीत है। पंद्रह ओवर के बाद स्थिति अच्छी नहीं दिख रही थी लेकिन पूरा श्रेय रियान पराग को जाता है।

## ब्राजील पैरा बैडमिंटन : तरूण, कदम को स्वर्ण और रजत , भगत को दो कांस्य

**नई दिल्ली।** तरुण ढिल्लो और सुकांत कदम ने साओ पाउलो में ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में 'एसएल 4' वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि तोक्यो पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने 'एसएल 3' स्पर्धा में दो कांस्य पदक हासिल किये । भारत की झोली में कुल 28 पदक गिरे । भारतीय पैरा बैडमिंटन दल ने आठ स्वर्ण, सात रजत और 13 कांस्य पदक जीते।

'एसएल 4' वर्ग में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कदम ने जर्मनी के मार्शल एडम को 21.19, 21.13 से हराया लेकिन फाइनल में तरुण से हार गए। तरुण और कदम का मुकाबला काफी रोमांचक रहा लेकिन आखिर में तरुण ने 21.17, 20.22 और 21.18 से जीत दर्ज की।कदम ने कहा- मैं नतीजे से थोड़ा निराश हूं क्योंकि मैने सब कुछ लगा दिया था। तरूण ने बेहतर खेला और निर्णायक अंक




बनाये । मैं हर टूर्नामेंट में अपने खेल में सुधार ला रहा हूं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भगत को कुमार नितेश ने 21.7, 19.21, 21.19 से हराया। नितेश ने जापान के दाइसुके फुजीहारा को 21.15, 18.21, 21.18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मिश्रित युगल में प्रमोद भगत और पलक कोहली को जापान के फुजीहारा और अकिको सुगिनो ने तीन सेटों में हराया। नितेश और तरुण के अलावा पारूल परमार, ज्योति परमार, ज्योति वर्मा, मनीषा रामदास , हार्दिक मक्कड़, रूतिक रघुपति, अरवाज अंसारी, दीप रंजन बिसोयी, मनीषा रामदास, मनदीप कौर ने भी स्वर्ण पदक जीता।

प्रेम कुमार अले, मनदीप कौर, नित्या एस, पलक कोहली, पारूल परमार, चिराग बरेठा, मनदीप कौर, तरुण ढिल्लो, नितेश कुमार ने रजत पदक जीते। मनोज सरकार, निलेश गायकवाड़, धिंगाराम, अम्मु मोहन, मनोज सरकार, विक्रम कुमार, चिराग बरेठा, निलेश गायकवाड़, प्रेम कुमार, अबु हुबैदा, शशांक कुमार. अम्मु मोहन , अम्मु मोहन, अराती पाटिल, नित्या एस, लताताई उमरेकर, प्रमोद भगत, पलक कोहली ने कांस्य पदक जीते।

## अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगे दिल्ली और कोलकाता

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम पिछले मैच के 'नोबॉल' विवाद को भुलाकर वापसी के लिये बेताब एक अन्य टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में आवश्यक लय हासिल करने की कोशिश करेगी।

दिल्ली को पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से 15 रन से हार का सामना करना पड़ा था। यह मैच ऊंची फुलटॉस को नोबॉल न दिए जाने के विवाद के कारण चर्चा में रहा जिसके बाद दिल्ली के सहायक कोच प्रवीण आमरे पर एक मैच का प्रतिबंध लगा दिया गया था। उसके मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पृथकवास पर रहते हुए यह करीबी मैच देखा था। उनकी अब वापसी हो गयी है और उन्हें उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट के दूसरे चरण में जरूरी लय हासिल करने में सफल रहेगी। दिल्ली सात




मैचों में तीन जीत से अंकतालिका में सातवें स्थान पर है जबकि केकेआर ने अपने पिछले चार मैच गंवाये हैं और वह आठवें स्थान पर है। दिल्ली की बल्लेबाजी मजबूत है जिसमें डेविड वार्नर, पृथ्वी सॉव, ऋषभ पंत और रोवमैन पॉवेल जैसे खिलाड़ी हैं। केकेआर के गेंदबाजों को उनके सामने सतर्क रहना होगा। वार्नर लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद रॉयल्स के खिलाफ नहीं चल पाये थे और वह फिर से बड़ी पारी खेलने के लिये बेताब होंगे। पृथ्वी को भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की जरूरत है। दिल्ली ने सरफराज खान को तीसरे नंबर पर आजमाया लेकिन वह नाकाम रहे। यह देखना होगा कि टीम उन पर फिर से भरोसा दिखाती है या नहीं।

कप्तान पंत और तीनों ऑलराउंडर ललित यादव, शार्दुल ठाकुर और अक्षर पटेल को अहम भूमिका निभानी होगी। पंत अकेले दम पर किसी भी मैच का रुख पलट सकते हैं, लेकिन वह अभी तक अपनी क्षमता के साथ उचित न्याय नहीं कर पाये हैं। पॉवेल ने पिछले मैच में छक्के जड़ने की अपनी क्षमता का अच्छा परिचय दिया था। दिल्ली के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें पिछले मैच में जोस बटलर के हाथों हुई धुनाई को भूलना होगा। खलील अहमद शुरू में ही विकेट ले रहे हैं और मुस्ताफिजुर रहमान ने उनका अच्छा साथ दिया है।


## मैच गंवाकर बोले Faf Du plessis- कौन सी गलती पड़ गई भारी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम पहले खेलने उतरी राजस्थान रॉयल्स को 144 रनों पर रोकने के बावजूद भी मैच जीत नहीं पाई। बेंगलुरु के टॉप बल्लेबाज एक बार फिर से फेल साबित हुए। मैच गंवाने के बाद फाफ डु प्लेसिस टीम की परफार्मेंस से नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि यह हमारे द्वारा खेले गए पिछले खेलों के समान ही है। यहां पिच पर असंगत उछाल थी। हमने 20 रन अधिक दिए। यह सब गिराए गए कैच के कारण था। इस कैच के कारण हमें 25 रन और पड़ गए। यह 140 रन की पिच थी। फाफ ने इस दौरान विराट कोहली का क्रम बदलने और उनके असफल होने पर भी बात की। उन्होंने कहा- आखिरी गेम के बाद हमने इसी पर चर्चा की थी। उसने (कोहली) आज भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। महान खिलाड़ी इन चीजों से गुजरते हैं। महान खिलाड़ी इस तरह के दौर से गुजरते हैं। हम चाहते थे कि वह शुरूआत में ही मैदान पर आ जाए ताकि वह डगआऊट में बैठकर इसपर न सोचें। वह एक महान खिलाड़ी है और हम उनका समर्थन करते हैं। उम्मीद है जल्द वह अपना खेल दिखाएंगे। यह आत्मविश्वास का खेल है।फाफ ने कहा कि हमें शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी ठीक करने की जरूरत है। खेल की मूल बातें नहीं बदलती हैं। आपको शीर्ष 4 में किसी को टिक कर बल्लेबाजी करने की जरूरत होती है। हमने ऐसा नहीं किया। हमें बल्लेबाजी क्रम को बदलने की कोशिश करनी होगी और देखना होगा कि क्या यह काम करता है। हमने सकारात्मक तरीके से खेलने की कोशिश की है।

## चीनः इंसानों में बर्ड फ्लू का पहला मामला आया सामने, चार साल का बच्चा संक्रमित

**बीजिंग।** बर्ड फ्लू के मामले अभी तक पक्षियों, मुर्गियों व जानवरों में ही सामने आ रहे थे, लेकिन चीन में इंसानों में इसके संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। चीनी स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। हालांकि, कहा गया है कि अन्य लोगों में इस संक्रमण के फैलने का खतरा कम है।

मिली जानकारी के मुताबिक, हेनान प्रांत में चार साल के बच्चे में पांच अप्रैल को बुखार व अन्य लक्षणों की पुष्टि हुई थी। इसके बाद की गई जांच में उसमें बर्ड फ्लू के H3N8 स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग द्वारा बताया गया है कि लड़के के संपर्क में रहने वाले लोगों में संक्रमण नहीं



मिला है। जांच में पाया गया कि चार वर्षीय लड़का अपने घर में मुर्गियों और पक्षियों के संपर्क में था। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग द्वारा कहा गया है कि प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि बर्ड फ्लू के H3N8 स्ट्रेन में इंसानों को प्रभावी ढंग से संक्रमित करने की क्षमता न के बराबर है। ऐसे में बड़े पैमाने पर महामारी के फैलने का जोखिम कम है। विशेषज्ञों के मुताबिक, H3N8 स्ट्रेन अभी तक घोड़ों, कुत्तों, पक्षियों में पाया गया था। लेकिन अभी तक इंसानों में इस वैरिएंट के मिलने की खबर सामने नहीं आई थी।

## यूक्रेन संकटः युद्ध में रूस का साथ देकर दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा खो रहा चीन, अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन का ड्रैगन पर निशाना

**वाशिंगटनः** यूक्रेन-रूस के बीच चल रहे युद्ध में चीन की भूमिका को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने एक बार फिर से निशाना साधा है। ब्लिंकन ने कहा कि इस युद्ध के दौरान रूस का साथ देकर चीन दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा खो रहा है। ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान चीन की भूमिका संतुलित नहीं है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भी चीन का व्यवहार उपयुक्त नहीं है। एक



सवाल के जवाब में ब्लिंकेन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग को सीधे तौर पर स्पष्ट कर दिया कि इस आक्रामकता में रूस का भौतिक रूप से समर्थन करना या प्रतिबंधों को कमजोर करना चीन के हित में नहीं होगा। मौजूदा घटना ऐसी है जिसे हम बहुत ध्यान से देख रहे हैं। मुझे लगता है कि दुनिया देख रही है कि रूस का साथ देकर चीन को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठित जोखिम से निपटना पड़ रहा है जो इसे पहले से ही देखा जा रहा है। वहीं अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन ने कहा कि अमेरिका, चीन के साथ तनाव बढ़ाने से बच रहा है। उन्होंने कहा कि हम एक और शीत युद्ध शुरू नहीं करना चाहते, हम संघर्ष नहीं चाहते, हम गलत अनुमान नहीं चाहते। हम संवाद के माध्यम चाहते हैं। शर्मन ने चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड, उसकी आर्थिक धमकियों और व्यापार संबंधी गुप्त सूचनाएं और बौद्धिक संपदा चुराने समेत आर्थिक बेईमानी की निंदा की।

## मरियम नवाज का दावा- इमरान खान ने सत्ता में बने रहने के लिये सेना से भीख मांगी थी

**लाहौर।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ दल पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने आरोप लगाया कि अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान सत्ता में बने रहने के लिए इतने उतावले थे कि उन्होंने अपनी सरकार को बचाने के लिए सेना से आखिरी मिनट तक भीख मांगी। पाकिस्तान के 75 वर्षों के इतिहास में से आधे से अधिक समय तक देश पर सेना का शासन रहा है, जहां कभी भी तख्तापलट होने की आशंका बनी रहती है। साथ ही सेना का सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में भी खासा दखल रहा है। हालांकि सेना ने हाल में शहबाज शरीफ और खान के बीच हुए राजनीतिक संघर्ष से यह कहते हुए खुद को दूर कर लिया था कि उसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं हैं। मरियम ने देर रात लाहौर में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में कहा, इमरान खान इतने हताश थे कि उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपनी सरकार को बचाने के लिए सेना से भीख मांगी थी। यहां तक कि उन्होंने अपने खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर पूर्व राष्ट्रपति और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी तक से मदद का अनुरोध किया था। खान को 10 अप्रैल को नेशनल असेंबली में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से प्रधान मंत्री पद से हटा दिया गया था और वह संसद द्वारा अपदस्थ किये गए पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री बन गए।

# कराची यूनिवर्सिटी हमला : तीन चीनी महिलाओं की मौत के बाद भड़का चीन, पाकिस्तान को दिखाई आंख

**कराची।** कराची विश्वविद्यालय परिसर में हुए बम धमाके के बाद चीन ने पाकिस्तान को फटकार लगाई है और अपने नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। इस हमले में तीन चीनी महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। हमले की निंदा करते हुए चीन ने पूरी जांच और अपराधियों को सजा देने की मांग की है।

हमले के बाद चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों की खून व्यर्थ में नहीं बहाया जा सकता। उन्होंने कहा, घटना में शामिल लोग निश्चित रूप से इसकी कीमत चुकाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय ने हमले में तीन चीनी नागरिकों की मौत के बाद



चीन में पाकिस्तानी राजदूत को फोन भी किया।

**बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी**

पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी में कराची विश्वविद्यालय परिसर में एक वैन में हुए धमाके में तीन चीनी महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में कई अन्य घायल भी हुए हैं। आशंका है कि हमला चीनी भाषा पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं को निशाना बनाकर किया गया। हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है।

**चीनियों पर नहीं है पहला हमला**

पाकिस्तान में चीनी नागरिकों पर यह हमला पहली बार नहीं हुआ है। पिछले साल जुलाई में ही दो चीनी नागरिकों पर नकाबपोश लोगों ने गोलियां चला दी थीं। इसी साल श्रमिकों को ले जा रही एक बस पर हमला किया गया था, जिसमें कई चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई थी। नवंबर 2018 में बलूचों की ओर से चीनी वाणिज्य दूतावास पर हमला कर दिया गया था। इसमें तीन की मौके पर मौत हो गई थी।

**चीनी निवेश का विरोध कर रही है बीएलए-** हाल के दिनों में बलूच लिबरेशन आर्मी एक बड़ा उग्रवादी संगठन बनकर सामने आया है। कई देशों में इसे प्रतिबंधत भी कर दिया गया है। यह संगठन पाकिस्तान में चीनी निवेश का विरोध करता है, इसमें खासकर बलूचिस्तान में किया गया निवेश शामिल है। बलूचिस्तान प्रांत तभी से अस्थिर बना हुआ है जब से चीन ने इस क्षेत्र में प्रवेश किया है और ग्वादर में बंदरगाह का निर्माण शुरू किया है। बंदरगाह निर्माण की शर्तों के अनुसार चीन को 40 वर्षों के लिए वहां उत्पन्न होने वाले राजस्व का 90 फीसदी हिस्सा प्राप्त होगा।

# अपदस्थ नेता आंग सान सू की को पांच साल की कैद, नोबेल विजेता को भ्रष्टाचार के पहले मामले में सजा

**म्यांमार ।** म्यांमार की एक कोर्ट ने अपदस्थ नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के पहले मामले में पांच साल की सजा सुनाई है। म्यांमार की सैन्य सरकार सू की के खिलाफ मुकदमों की सुनवाई बंद कमरे में करा रही है।

म्यांमार के विधि अधिकारी ने बताया कि सू की को भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता सू के खिलाफ भ्रष्टाचार के 11 आरोपों में से यह पहला केस है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक नेता को सजा सुनाई गई है। इन मामलों में प्रत्येक में अधिकतम 15 साल की सजा दी जा सकती है।

**जनवरी में सुनाई गई 4 साल की सजा**

इससे पहले जनवरी 2022 में सू की को अवैध रूप से वॉकी-टॉकी आयात करने और रखने एवं कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के जुर्म में चार साल की सजा सुनाई गई थी। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार सू की पर वॉकी-टॉकी रखने का आरोप उस समय लगा था जब सैनिकों ने एक फरवरी, 2021 को सैन्य



तख्तापलट के दिन सू ची के आवास पर छापा मारा था। उस दौरान कथित तौर पर प्रतिबंधित उपकरण बरामद किया गया था। सू की की सरकार को जुंटा सैनिकों द्वारा बेदखल किए जाने के ठीक बाद म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ व्यापक विरोध दिखा जिसके बाद सेना ने खूनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस हिंसा अब तक 1500 लोगों की मौत हो चुकी है। सू की पर लगभग एक दर्जन मामले मुकदमे हैं, जिनमें अधिकतम 100 साल से अधिक की जेल की सजा हो सकती है। सू की को सैन्य सरकार ने अज्ञात स्थान पर रखा है।

**चीन कर रहा सैन्य शासकों की मदद**

एक फरवरी 2021 को म्यांमार की सेना ने निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट कर सत्ता खुद संभाल ली थी। इसके बाद लोकतंत्र समर्थक आंग सान सू की समेत कई बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया। तब से चीन से उन्हें लगातार सैन्य और अन्य प्रकार की मदद मिली है। हाल ही में चीन ने म्यांमार के सैनिक शासन के लिए मदद और बढ़ा दी है। जानकारों का कहना है कि अपने इस रुख से चीन म्यांमार के सैनिक शासकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिशों में सबसे बड़ी बाधा बन गया है।

**म्यांमार के राष्ट्रपिता की बेटी हैं सू की**

आंग सान सू की म्यांमार (बर्मा) की पूर्व प्रधानमंत्री, प्रमुख विपक्षी नेता और म्यांमार की नेशनल लीग फार डेमोक्रेसी की नेता हैं। वह बर्मा के राष्ट्रपिता आंग सान की पुत्री हैं। आंग सान की 1947 में राजनीतिक हत्या कर दी गई थी। सू की ने बर्मा में लोकतंत्र की स्थापना के लिए लंबा संघर्ष किया। उन्हें 1991 में नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था। उन्होंने लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के चलते दशकों की जेल काटी है।

## कराची यूनिवर्सिटी हमलाः पहली बार किसी बलूच महिला ने दिया फिदायीन ऑपरेशन को अंजाम, पति ने बताया गौरव का क्षण

**कराची।** पाकिस्तान के कराची विश्वविद्यालय में आत्मघाती हमले को पहली बार किसी बलूच महिला फिदायीन ने अंजाम दिया। बताया गया है कि यह हमला शारी बलोच (30) ने किया था। उसके पति ने कथित तौर पर ट्वीट कर दावा किया है कि शारी के फिदायीन बनने से वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने भी बयान जारी कर कहा कि शारी ने बलूच आजादी के आंदोलन में नया अध्याय जोड़ा है। वह बलूच राष्ट्र के लिए पहली महिला फिदायीन बनीं। मंगलवार को हुए इस धमाके में तीन चीनी महिलाओं समेत चार लोग मारे गए। शारी के पति हैबिटान बशीर बलचू ने ट्वीट कर लिखा, 'शारी जान, आपके इस निस्वार्थ कृत्य ने मुझे अवाक कर दिया है, लेकिन मैं भी आज गर्व से झूम रहा हूं।



महरोच और मीर हसन यह सोचकर बहुत गर्वित इंसान बनेंगे कि उनकी मां कितनी महान थी। तुम हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहोगी।' अफगानिस्तान के पत्रकार बशीर अहमद गवाख के हवाले से आई मीडिया रिपोर्ट में पहली महिला बलूच आत्मघाती हमलावर व उनके पति को लेकर तमाम बातें कही गई हैं। पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी में कराची विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार शाम एक वैन में हुए धमाके में तीन चीनी महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में कई अन्य घायल भी हुए हैं। आशंका है कि हमला चीनी भाषा पढ़ाने वाली शिक्षिकाओं को निशाना बनाकर किया गया। हमले की जिम्मेदारी बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है।

# ड्रैगन की दादागिरीः तिब्बतियों के 11वें पंचेन लामा का दो दशक से कर रखा है अपहरण, कायम रखना चाहता है डर

**बीजिंग।** चीन ने करीब दो दशक से 11वें पंचेन लामा का अपहरण करके उन्हें गायब कर रखा है। पंचेन लामा गेलुग्पा पंथ के तिब्बती बौद्धों के अवतार (तुल्कू) माने जाते हैं। वे दलाई लामा के बाद न केवल सर्वोच्च धार्मिक पद रखते हैं, बल्कि नए दलाई लामा की पहचान के लिए बनी लामा परिषद के प्रमुख भी होते हैं। चीन द्वारा पंचेन लामा के अपहरण के बाद से विश्व भर के तिब्बती बौद्ध उन्हें एक बार देखने की अधूरी उम्मीद के साथ जी रहे हैं।

चीन लोगों में डर कायम करना चाहता है कि जो भी इन तिब्बतियों का स्वतंत्र नेतृत्व करने का प्रयास करेगा, या लोकप्रियता पाने के लिए काम करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। 11वें पंचेन लामा के रूप में गेधुन चोइकी का जन्म 25 अप्रैल 1989 को तिब्बत के ल्हारी



ग्रामीण अंचल में हुआ। 10वें पंचेन लामा की मौत के बाद उन्हें 14 मई 1995 को 11वां पंचेन लामा चुना गया। इसके सिर्फ तीन दिन बाद चीनी प्रशासन ने उनका अपहरण कर लिया। उस समय वे केवल 6 साल के थे, साथ परिवार के लोग भी गायब कर दिए गए। कुछ महीने बाद प्रशासन ने बताया कि उन्होंने ग्यानकेन नोरबू को नया पंचेन लामा चुना है।

**साधारण जीवन जी रहे हैं पंचेन लामा**

चीन द्वारा अपहरण किए गए असली पंचेन लामा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। चंद बयान दिए गए कि अलगाववादियों द्वारा अपहरण किए जाने से बचाने के लिए उन्हें सुरक्षा दी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि द्वारा गेधुन की सलामती के बारे में जानकारी मांगी गई। 17 जुलाई 2017 को चीन ने बयान दिया कि वह एक सामान्य तिब्बती लड़के की तरह स्कूल जाते हैं, और साधारण जीवन जी रहे हैं। उन्होंने खुद को परेशान न करने की गुजारिश की है।

## कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने नया मुफ्त 'फाउंडेशन' पाठ्यक्रम शुरू किया

**लंदन।** कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने एक नया मुफ्त ' प्री-डिग्री फाउंडेशन' पाठ्यक्रम शुरू किया है ताकि ब्रिटेन के विश्वप्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान में विविधता बढ़ायी जा सके।विश्वविद्यालय ने सोमवार को घोषणा की कि नया 'कैम्ब्रिज फाउंडेशन' पाठ्यक्रम मुफ्त और पूरी तरह से वित्तपोषित है तथा इसका मकसद आवेदकों की एक नयी धारा को जोड़ना है। यह एक साल का और पूर्णकालिक आवासीय पाठ्यक्रम होगा तथा इसकी शुरूआत अक्टूबर 2022 में 52 छात्रों के साथ होगी।

इसमें कठोर प्रक्रिया के दाखिला होगा। कैम्ब्रिज में 'फाउंडेशन ईयर कोर्स' के निदेशक एलेक्स प्राइस ने कहा कि यहविश्वविद्यालय के लिए एक बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि यह इतिहास में पहला मौका है जब कैम्ब्रिज ने 'प्री-डिग्री फाउंडेशन' पाठ्यक्रम चलाया है और यह उन प्रतिभाशाली आवेदकों पर केंद्रित है जो यहां अध्ययन के लिए आवेदन करने पर विचार नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों की संख्या से पता चलता है कि यह प्रतिस्पर्धी है और इसके लिए उत्सुकता है।

# भारतवंशी अरुण वेंकटरमन ने ली विश्व बाजारों के सहायक वाणिज्य मंत्री की शपथ, 1400 से ज्यादा कर्मचारियों की टीम का करेंगे नेतृत्व

**वाशिंगटन** भारतवंशी अरुण वेंकटरमन ने वैश्विक बाजारों के लिए सहायक वाणिज्य मंत्री और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन के लिए अमेरिकी एवं विदेशी वाणिज्यिक सेवा के महानिदेशक के रूप में शपथ ली। वह अब अमेरिका और विदेशों में पदस्थ अमेरिकी व्यापार तथा कर्मचारियों को महामारी के दौरान प्रभावित आर्थिक तंगी से उबरने में मदद कर रहा है। अरुण के अनुभव व की विशेषज्ञता बहुमूल्य साबित होगी, क्योंकि वाणिज्य विभाग नेतृत्व में अमेरिकी सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र को एक दिशा



मिलेगी। उनके पास विश्व व्यापार, वैश्विक संगठनों और अमेरिकी सरकार के सलाहकार के रूप में काम करने का 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

**सिंगापुर : टेरास्कोप की सीईओ बनीं माया हरि**

देश के प्रमुख खाद्य और कृषि व्यवसाय से जुड़े ओलम समूह ने भारतीय मूल की वैश्विक तकनीकी नेतृत्वकर्ता माया हरि को अपने जलवायु तकनीक उद्यम टेरास्कोप का सीईओ नियुक्त किया है।

यह उद्यम कंपनियों को अपने स्मार्ट कार्बन प्रबंधन मंच के माध्यम से उत्सर्जन को सटीक ढंग से कम करने का अधिकार देता है। माया हरि को ट्विटर, गूगल, कॉनडे नास्ट, सैमसंग, माइक्रोसॉफ्ट और सिस्को जैसी कंपनियों से प्रौद्योगिकी और डिजिटल जीवन शैली में दो दशकों का अनुभव है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# क्वाड ने चीन-सोलोमन समझौते पर उठाए सवाल, कहा-चीन पर भरोसा करना मुश्किल

**वाशिंगटन ।** क्वाड का ध्यान अचानक दक्षिण चीन सागर या इंडो-पैसिफिक से दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत महासागर, सोलोमन द्वीप समूह में 5000 किमी दूर एक छोटे से द्वीप समूह की ओर बढ़ गया है। चीन ने हाल ही में सोलोमन द्वीपों के साथ एक द्विपक्षीय समझौता किया है जिसके बाद पश्चिम देश चिंतित हैं। क्वाड ने चीन-सोलोमन समझौते पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस समझोते को लेकर चीन पर भरोसा करना मुश्किल है। दरअसल क्वाड और पश्चिमी देशों को चिंताहै कि इस समझौते की आड़ में अंततः द्वीपों को चीनी सैन्य अड्डे में बदल दिया जाएगा।

नाराज वाशिंगटन ने तुरंत द्वीप के अधिकारियों से बात करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल सोलोमन भेजा और चेतावनी जारी की कि



प्रशांत द्वीप राष्ट्र पर स्थायी चीनी सैन्य उपस्थिति स्थापित करने के किसी भी कदम को अमेरिका बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि ने अमेरिका क्या एक्शन लेगा यह बताने से इंकार कर दिया है। लेकिन जाहिर तौर पर सोलोमन द्वीप के प्रधान मंत्री मनश्शे सोगावरे ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से कहा कि यहां चीनका कोई सैन्य अड्डा नहीं होगा, कोई दीर्घकालिक उपस्थिति नहीं होगी, और सुरक्षा समझौते के तहत कोई शक्ति प्रक्षेपण क्षमता नहीं होगी। हालांकि, अमेरिका सोलोमन के इस जवाब से संतुष्ट नहीं है, लेकिन वह इस स्तर पर और कुछ करने की स्थिति में नहीं है। इसके सामने अफ्रीका के हॉर्न पर जिबूती का उदाहरण है जहां चीनी ने शुरू में एक सुरक्षा समझौते में प्रवेश किया जो अंततः एक चीनी नौसैनिक अड्डे में विकसित हुआ।

इस बीच ऑस्ट्रेलिया की मुख्य विपक्षी पार्टी ने सोलोमन आयलैंड्स पर चीनी सेना की संभावित मौजूदगी के मद्देनजर प्रशांत क्षेत्र के देशों की सेनाओं को प्रशिक्षित करने के वास्ते प्रशांत रक्षा स्कूल खोलने को वादा किया।

# यूएन महासचिव और रूस के राष्ट्रपति पुतिन की बैठक, इस बात पर हुए सहमत

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आमने सामने की बैठक हुई। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वे मारियुपोल शहर में एक इस्पात संयंत्र से लोगों को निकालने की व्यवस्था करने पर सहमत हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफेन दुजारिक ने कहा कि रूसी नेता और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने मानवीय सहायता और संघर्ष क्षेत्र यानी मारियुपोल से लोगों को निकालने के प्रस्तावों पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि वे सैद्धांतिक तौर पर सहमत हुए हैं और अज़ोवस्ताल स्टील परिसर से लोगों को निकालने की कवायद में संयुक्त राष्ट्र और इंटरनेशनल कमेटी ऑफ रेड क्रॉस को शामिल किया जाना चाहिए। इस इस्पात संयंत्र में यूक्रेन के रक्षकों ने कड़ा रुख अख्तियार किया हुआ है। दुजारिक ने कहा कि लोगों को निकालने पर संयुक्त राष्ट्र मानवीय कार्यालय और रूसी रक्षा मंत्रालय के साथ चर्चा की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, पुतिन और गुतारेस की बैठक करीब दो घंटे तक चली। वे सफेद रंग की एक लंबी मेज़ पर आमने-सामने बैठे थे जहां सुनहरे रंग के पर्दे डले थे जिनका बॉर्डर लाल रंग का था। मेज़ पर उनके सिवाए कोई नहीं बैठा था। गुतारेस ने यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई की आलोचना की और इसे पड़ोसी की क्षेत्र अखंडता का उल्लंघन बताया और रूस से इस्पात संयंत्र में फंसे लोगों को निकालने की अनुमति देने का आग्रह किया। इसके जवाब में पुतिन ने दावा किया कि रूसी बलों ने संयंत्र में फंसे आम नागरिकों को निकालने के लिए मानवीय गलियारे की पेशकश की थी।उन्होंने कहा कि मगर यूक्रेन के रक्षकों ने संयंत्र में आम लोगों को मानव ढाल बनाया हुआ है और उन्हें जाने नहीं दे रहे हैं। अज़ोवस्ताल स्थल रूसी हमले में पूरी तरह से तबाह हो गया है लेकिन यह मारियुपोल में यूक्रेन के प्रतिरोध का अंतिम क्षेत्र है। इसके जर्जर ढांचों के नीचे करीब दो हजार सैनिक और एक हजार नागरिक छुपे हुए हैं। पुतिन के साथ बैठक के बाद गुतारेस पोलैंड के जेज़ॉ गए जहां वह पोलैंड के राष्ट्रपति एंड्रेज डूडा से मुलाकात करेंगे। वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदोमीर ज़ेलेंस्की और विदेश मंत्री दमीत्रो कुलेबा के साथ बैठक के लिए बृहस्पतिवार को कीव जाएंगे और फिर उनकी बैठक पुतिन के साथ होने की उम्मीद है। रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर चढ़ाई की थी और गुतारेस ने रूस पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उल्लंघन का आरोप लगाया था जो विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करता है। उन्होंने बार-बार दुश्मनी को खत्म करने की अपील की है जिसका कोई असर नहीं हुआ है। गुतारेस ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा था कि नागरिकों को निकालने और सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित और प्रभावी मानवीय गलियारे की तत्काल जरूरत है।